RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 126 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,सोमवार, 02 नवम्बर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

रामलीला मैदान में राहुल की ललकार, सड़कों पर भाजपा का पलटवार

विपक्ष की महारैली, राहुल बोले- ज्ञानेश कुमार जेल जाएंगे

'ज्ञानेश कुमार को हटना होगा, फिर पीएम मोदी और शाह पर होगी कानूनी कार्रवाई' : रामलीला मैदान में गरजे राहुल गांधी

(एजेंसी) » नई दिल्ली।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में विपक्षी 'इंडी' गठबंधन ने रविवार को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया। रैली को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार को अपने पद से हटना ही पड़ेगा और वे जेल जाएंगे। राहुल ने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 13.5 करोड़ यानी 15 प्रतिशत मतदाताओं के नाम चुनाव आयोग के डेटा के अनुसार सूची से हटा दिए गए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि 2024 का जनादेश और चुनाव पूरी तरह से अवैध था।

मिंटो रोड से रामलीला मैदान तक निकला विपक्षी मार्च, 19 दलों के प्रमुख नेता हुए शामिल..

महारैली से पूर्व दोपहर करीब 12 बजे विपक्षी नेताओं ने मिंटो रोड से रामलीला मैदान तक विशाल विरोध मार्च निकाला। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और सुप्रिया सुले समेत विपक्षी दलों के शीर्ष नेता एक खुली गाड़ी में सवार होकर कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। हालांकि, बैरिकेडिंग और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच केवल अनुमति प्राप्त समय में ही हजारों की संख्या में पहुंचे समर्थकों को मैदान में जाने दिया गया। पिछले 25 दिनों में चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष का यह सातवां बड़ा एकजुट प्रदर्शन था।

हम नफरत नहीं, मोहब्बत फैलाने वाले लोग हैं : राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने देश की लोकतांत्रिक आवाज का गला घोंटने का काम किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष की यह लड़ाई किसी व्यक्तिगत दुश्मनी या नफरत की नहीं, बल्कि देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की है। राहुल ने कहा कि वोट चोरी और देश के संसाधनों के हस्तांतरण के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।



'वैनिश... वोट चोरी, यस पापा ' : ममता और अखिलेश का चुनाव आयोग पर हमला





नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्षी महागठबंधन की ओर से एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। मतदान में गड़बड़ी और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी के विरोध में आयोजित इस रैली में विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखे हमले बोले। मंच पर मौजूद प्रमुख नेताओं ने सत्ताधारी दल पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और चुनावों को प्रभावित करने के गंभीर आरोप लगाए।

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने भाषण में भारतीय जनता पार्टी पर राज्य की चुनावी प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि जब भी चुनाव आते हैं, निष्पक्षता गायब हो जाती है और केवल सत्ता पक्ष के इशारों पर काम होता है। ममता ने स्पष्ट किया कि बंगाल की जनता और उनकी पार्टी किसी भी दबाव के आगे झुकने वाली नहीं है और वे लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए अंत तक संघर्ष करेंगे।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी रैली को संबोधित करते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। अखिलेश ने चेतावनी देते हुए कहा कि आम जनता इस बार ऐसी विदाई करेगी कि लोकतंत्र से खिलवाड़ करने वालों की दोबारा सत्ता में वापसी संभव नहीं होगी। उन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी विपक्षी दलों के एकजुट होने का आह्वान किया।

विपक्ष की रैली पर भाजपा का हमला

1984 सिख दंगों की बरसी पर रामलीला मैदान रैली, नड्डा बोले- शहीदों को भूले राहुल





(एजेंसी) » नई दिल्ली।

विपक्षी 'इंडी' गठबंधन की रामलीला मैदान रैली के जवाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को दिल्ली समेत देशव्यापी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' विरोध मार्च निकाला। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के हरि नगर से तिलक नगर तक आयोजित एक किलोमीटर लंबे मार्च में 1984 के सिख विरोधी दंगा पीड़ित परिवारों और सिख समुदाय के लोगों ने काली पट्टियां बांधकर हिस्सा लिया। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बहाने 1 नवंबर का दिन जानबूझकर चुना है, जबकि 1 नवंबर 1984 को दिल्ली में निर्दोष सिखों का कत्लेआम हुआ था।

रोहतक और देशभर में भाजपा का विरोध प्रदर्शन..

हरियाणा के रोहतक में विरोध मार्च का नेतृत्व करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी कांग्रेस की पुरानी विरासत रही है और राहुल गांधी विदेशी ताकतों के इशारे पर भारत के लोकतंत्र को चुनौती दे रहे हैं। इसके साथ ही महाराष्ट्र के बोरीवली में पीयूष गोयल और हिमाचल प्रदेश के शिमला में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा के नेतृत्व में भाजपा ने जोरदार प्रदर्शन कर एसआईआर प्रक्रिया का बचाव किया।

जेपी नड्डा का आरोप- राहुल अपनी राजनीति चमकाने के लिए व्यापारियों का कर रहे नुकसान



केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी नड्डा ने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन कांग्रेस के शासनकाल में हुए सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को याद किया जाना चाहिए था, लेकिन राहुल गांधी सिखों के जख्मों पर नमक छिड़ककर रामलीला मैदान में अपनी राजनीति चमका रहे हैं। नड्डा ने कहा कि त्योहारी सीजन में व्यापारियों की अपील को दरकिनार कर इस रैली का आयोजन किया गया, जिससे दिल्ली के 20 बाजारों में लगभग 10,000 करोड़ के कारोबार का भारी नुकसान हो रहा है।

'विपक्ष की रैली से व्यापार ठप'

CTI का दावा- 80% दुकानें रहीं बंद, दिवाली से पहले 11,000 करोड़ का नुकसान



(एजेंसी) » नई दिल्ली।

राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित विपक्षी 'इंडी' गठबंधन की महारैली के चलते दिल्ली के व्यापारिक क्षेत्र को करारा झटका लगा है। प्रमुख व्यापारिक संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) ने दावा किया है कि इस रैली और यातायात प्रतिबंधों के कारण दिल्ली के कारोबार को लगभग 11,000 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। संगठन के अनुसार, धनतेरस और दिवाली से ठीक पहले के सबसे व्यस्त खरीदारी सीजन में राजधानी के करीब 80 प्रतिशत बाजारों की दुकानें बंद रहने को मजबूर हुईं, जिससे त्योहार की व्यापारिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

रामलीला मैदान के आसपास 2.5 लाख दुकानें बंद, गोदामों में अटका सामान

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि रामलीला मैदान के 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित 22 से 25 प्रमुख बाजारों की करीब 3 लाख दुकानों में से 2.5 लाख दुकानें शाम तक पूरी तरह बंद रहीं। दिल्ली के 56 औद्योगिक क्षेत्रों से रोजाना बाजारों तक पहुंचने वाले 5,000 से अधिक ट्रकों और मालवाहक वाहनों का आवागमन ठप रहने से दिवाली के लिए तैयार माल गोदामों में ही अटका रह गया।

व्यापारियों ने राहुल गांधी को लिखे थे चार पत्र...

बृजेश गोयल ने स्पष्ट किया कि संगठन और 100 से अधिक बाजार संघों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चार बार पत्र लिखकर रैली स्थगित करने की अपील की थी। व्यापारियों ने कहा कि उनका कोई राजनीतिक मकसद नहीं था, वे केवल अपने मुख्य कारोबारी सीजन में आजीविका बचाना चाहते थे। सप्लाई चेन टूटने और ग्राहकों की भारी कमी से व्यापारियों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

कहां थे 10 लाख लोग, हमें दिखाइए...

- 40% रामलीला मैदान खाली रहने का दावा, संबित पात्रा बोले- कहां गए 10 लाख लोग



(एजेंसी) » नई दिल्ली।

रामलीला मैदान में विपक्षी 'इंडी' गठबंधन द्वारा आयोजित 'वोट बचाओ' महारैली पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जोरदार पलटवार किया है। भाजपा ने विपक्ष के इस शक्ति प्रदर्शन को पूरी तरह 'सुपर फ्लॉप' करार देते हुए दावा किया कि रैली के दौरान रामलीला मैदान का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा खाली पड़ा रहा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि आखिर वे 10 लाख लोग कहां हैं, जिनके रामलीला मैदान में जुटने के बड़े-बड़े दावे किए गए थे।


'ट्रिक फोटोग्राफी' से भीड़ दिखाने की कोशिश, पात्रा बोले- भारत किसी की जागीर नहीं...

संबित पात्रा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इतने सारे राजनीतिक दलों और झंडों को एक साथ लाने के बावजूद कांग्रेस मात्र 50,000 की क्षमता वाले मैदान को भी नहीं भर पाई। उन्होंने आरोप लगाया कि भीड़ को बड़ा दिखाने के लिए 'ट्रिक फोटोग्राफी' और कैमरा एंगल का सहारा लिया गया। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए पात्रा ने कहा कि हिंदुस्तान किसी के पूर्वजों की जागीर नहीं है; यह देश हिंदुस्तानियों का है जहां एक साधारण चायवाला भी अपनी मेहनत और पसीने के बल पर प्रधानमंत्री बन सकता है।

राहुल कभी पीएम नहीं बन पाएंगे...

चंडीगढ़ में बोले अमित शाह, सिख दंगों की बरसी पर रैली से छिड़का नमक

(एजेंसी) » चंडीगढ़।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को चंडीगढ़ के स्थापना दिवस समारोह में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। 1984 के सिख नरसंहार की बरसी के दिन दिल्ली में विपक्ष की रैली आयोजित करने पर कड़ा विरोध जताते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने सिखों के पुराने जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि उन्हें अगर प्रधानमंत्री बनना है तो वे पूरे जीवन इसी तरह मॉक पार्लियामेंट ही चलाते रहें, उनका नंबर फिर भी कभी नहीं आने वाला।

258 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, 2029 तक पुलिस आवास में नंबर-1 बनेगा चंडीगढ़

गृह मंत्री ने चंडीगढ़ में ?258 करोड़ से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने करीब रु.60 करोड़ की लागत से बनने वाले आधुनिक अंतरराज्यीय सिटी बस डिपो और रु.68 करोड़ की लागत से पुलिस कर्मियों के लिए 196 टाइप-3 आवासीय मकानों के निर्माण का विशेष उल्लेख किया। शाह ने कहा कि 1 नवंबर चंडीगढ़, हरियाणा और चंडीगढ़ पुलिस की स्थापना का ऐतिहासिक दिन है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक चंडीगढ़ पुलिस आवासीय संतुष्टि के मामले में पूरे देश में शीर्ष स्थान पर पहुंचे।

सिखों के जख्मों पर राजनीति का आरोप, अपील के बाद भी विदेश से आए आदेश पर निकाली गई रैली

अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस से 1 से 3 नवंबर के बीच कोई राजनीतिक कार्यक्रम न करने की अपील की थी, ताकि सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद कांग्रेस नेतृत्व अपनी जिद पर अड़ा रहा और विदेश से मिले निर्देशों के बाद उसी दिन रैली की गई जिस दिन हजारों बेगुनाह सिखों को जिंदा जला दिया गया था।

ईपीएफओ की नई वॉट्सएप सर्विस

- पीएफ बैलेंस और पासबुक चेक करना हुआ आसान, निष्क्रिय खातों का ऑटोमैटिक सेटलमेंट

(एजेंसी) » नई दिल्ली।



एम्पलाई प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) ने अपने 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर करोड़ों खाताधारकों को बड़ी राहत देते हुए दो नई आधुनिक सुविधाओं की शुरुआत की है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने ईपीएफओ की नई वॉट्सएप सर्विसेज और बंद या निष्क्रिय (इनऑपरेटिव) खातों के ऑटोमैटिक सेटलमेंट का शुभारंभ किया। इस नई पहल के तहत अब पीएफ सदस्य घर बैठे अपने मोबाइल पर ही वॉट्सएप के जरिए आसानी से अपना पीएफ बैलेंस चेक कर सकेंगे और पिछले 5 ट्रांजैक्शन व पासबुक से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे।

1000 तक के निष्क्रिय खातों का सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर होगा पैसा...

श्रम मंत्री द्वारा लॉन्च किए गए ऑटोमैटिक सेटलमेंट सिस्टम के माध्यम से उन सभी निष्क्रिय पीएफ खातों का पैसा अपने आप ट्रांसफर हो जाएगा, जिनमें 1,000 तक की राशि शेष है और जो आधार से वेरिफाइड हैं। इसके लिए खाताधारकों को अब कोई भी क्लेम फॉर्म भरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ईपीएफओ निर्धारित वेरिफिकेशन के बाद सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में बकाया राशि भेज देगा, जिससे लगभग 1 लाख खाताधारकों को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में ईपीएफओ के पास 8 करोड़ से अधिक सदस्यों का 32 लाख करोड़ का विशाल कॉर्पस मौजूद है।

नियमानुसार जब किसी पीएफ खाते में लगातार 36 महीनों तक कोई नया योगदान नहीं आता है, तो उसे 'इनऑपरेटिव' मान लिया जाता है।

सपाई कुत्ते की पूंछ की तरह हैं, कभी सीधे नहीं हो सकते : मुख्यमंत्री योगी

(एजेंसी) » गोरखपुर।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर में रु.495 करोड़ की लागत वाले 'गोड़धोइया नाला फेज-1' का लोकार्पण किया और रु.880 करोड़ की लागत वाली फेज-2 व सीवरेज परियोजनाओं की आधारशिला रखी। बिछिया पुल के पास आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सपा माफिया प्रवृत्ति की पार्टी है और इनकी प्रवृत्ति हमेशा गरीबों व व्यापारियों की जमीन कब्जाने की रही है। उन्होंने कहा कि पहले गोरखपुर में गंदगी, जलभराव और अपराधियों का आतंक था, लेकिन वर्तमान सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर शहर को पूरी तरह मच्छर और माफिया मुक्त बना दिया है।



17 वार्डों के जलभराव से मिलेगी मुक्ति, रामगढ़ ताल की बढ़ेगी सुंदरता...

मुख्यमंत्री ने बताया कि गोड़धोइया नाला परियोजना के तहत बिना किसी मकान को तोड़े 7 किलोमीटर से अधिक लंबा आरसीसी नाला तैयार किया गया है। इसके दोनों किनारों पर सीवर लाइन बिछाई गई है, जिससे ट्रीटमेंट के बाद ही साफ पानी रामगढ़ ताल में जाएगा और ताल की पवित्रता व सुंदरता बरकरार रहेगी। इस परियोजना से रेलवे कॉलोनी, बिछिया, शाहपुर, रासीनगर और बशारतपुर समेत 17 वार्डों की ढाई से तीन लाख की आबादी को जलभराव की समस्या से स्थायी मुक्ति मिलेगी। साथ ही, नाले के दोनों किनारों पर वैकल्पिक मार्ग और वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

किसानों के लिए विशेष मुआवजा पैकेज का ऐलान...

हाल ही में चक्रवातों के कारण हुई बेमौसम बारिश, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सीएम योगी ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए एक विशेष मुआवजा पैकेज उपलब्ध कराएगी। सभी जिला प्रशासनों को तुरंत सर्वे करने के सख्त निर्देश दे दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि इस दीपावली पर देश के अमर बलिदानियों और सीमाओं की रक्षा कर रहे वीर सैनिकों के सम्मान में हर घर में एक दीया अवश्य जलाएं।

खाड़ी में उठा चक्रवात मुरासु

- 3 नवंबर को आंध्र तट से टकराएगा, एक हफ्ते में दूसरा साइक्लोन

(एजेंसी) » नई दिल्ली।



बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव का क्षेत्र अब विकराल रूप लेते हुए चक्रवाती तूफान 'मुरासु' में तब्दील हो चुका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, यह नया चक्रवात 3 नवंबर की सुबह 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार और 120 किमी प्रति घंटे के झोंकों के साथ आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों से टकरा सकता है। एक हफ्ते के भीतर बंगाल की खाड़ी में उठने वाला यह दूसरा बड़ा चक्रवात है, जिससे तटीय क्षेत्रों में दोबारा भारी तबाही की आशंका गहरा गई है।

ओडिशा में बाढ़ का संकट, तटीय व निचले इलाकों को खाली कराने के निर्देश...

हाल ही में 28 अक्टूबर को टकराए चक्रवात 'अर्णब' की तबाही से तटीय राज्य अभी पूरी तरह उबर भी नहीं पाए थे कि नए तूफान 'मुरासु' ने आफत बढ़ा दी है। ओडिशा के गंजाम और गजपति जिलों में लगातार बारिश से पहले से ही बाढ़ जैसे गंभीर हालात बने हुए हैं। नए चक्रवात से भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए ओडिशा सरकार ने अलर्ट जारी करते हुए निचले तथा पहाड़ी इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के सख्त आदेश दिए हैं।

आंध्र में रेड अलर्ट, कई राज्यों में यलो अलर्ट जारी...

मौसम विभाग ने 2 नवंबर के लिए आंध्र प्रदेश में मूसलाधार बारिश और आंधी-तूफान का रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि रायलसीमा में ऑरेंज अलर्ट लागू है। इसके अलावा तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पुडुचेरी, तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भी अगले 48 घंटों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी कर प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

गाजीपुर में ढाका-टांगाइल हाईवे किया जाम, पुलिस चौकी में भी लगा दी आग

बांग्लादेश में मजदूरों का विद्रोह, वेतन बढ़ाने की मांग पर तोड़फोड़-आगजनी

कम से कम 30,000 टका यानी करीब 23,000 रुपए मासिक वेतन की मांग पर अड़े कर्मी





● ढाका

बांग्लादेश में न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर गारमेंट कर्मचारियों ने रविवार को गाजीपुर और राजधानी ढाका में प्रदर्शन किया। गाजीपुर में कर्मियों ने ढाका-टांगाइल हाईवे को जाम कर दिया और कम से कम 30,000 टका यानी करीब 23,000 रुपये मासिक वेतन की मांग की।

प्रदर्शन के बीच सरकार ने नया न्यूनतम वेतन बोर्ड बनाने का ऐलान किया है। गाजीपुर में कर्मियों ने नारेबाजी करते हुए हाईवे पर प्रदर्शन किया। कालीकैर उपजिला में सफीपुर बाजार, चंद्रा पल्लि बिद्युत, मौचक और तेलीचाला समेत हाईवे के कई हिस्सों पर कर्मचारी लाठी लेकर पहुंच गए। आसपास की फैक्ट्रियों के कर्मचारियों ने सुबह अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थिति दर्ज कराने के बाद प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान कुछ गाड़ियों में आग लगा दी गई।

सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

प्रदर्शन के दौरान कोनाबारी इलाके में ढाका-टांगाइल हाईवे के बीच बने एक पुलिस चौकी में आग लगा दी गई। कोनाबारी थाने के प्रभारी अधिकारी इफ्तेखार हुसैन के मुताबिक, इस घटना की जानकारी सामने आई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की पांच प्लाटून भी तैनात की गईं। ढाका में भी गारमेंट कर्मचारियों ने मीरपुर-10 चौराहे पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। मीरपुर के अलग-अलग इलाकों से कर्मचारी रविवार सुबह यहां पहुंचे और चौराहे को जाम कर दिया. इसके कारण मीरपुर-10 मेट्रो स्टेशन के गेट बंद कर दिए गए। पुलिस को मौके पर भेजा गया।

गारमेंट उद्योग में कार्यरत है 40 लाख कर्मचारी

बांग्लादेश के गारमेंट उद्योग में 4,000 पंजीकृत फैक्ट्रियां हैं और इनमें 40 लाख से ज्यादा कर्मी हैं। बांग्लादेश गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के मुताबिक, देश चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। वित्त वर्ष 2025-26 में बांग्लादेश से 38.70 अरब डॉलर के गारमेंट का निर्यात हुआ। यहां के कपड़े 150 से ज्यादा देशों में भेजे जाते हैं।

सरकार ने बनाया नया वेतन बोर्ड

श्रम एवं रोजगार मंत्री अरिफुल हक चौधरी ने प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों से काम पर लौटने की अपील की. उन्होंने सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को 'पूरी गंभीरता' से ले रही है. उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मांग के अनुसार नया न्यूनतम वेतन बोर्ड बनाया गया है और उम्मीद जताई कि अब कर्मचारी सड़कों से हटकर अपनी फैक्ट्रियों में लौटेंगे।

बढ़ती महंगाई के खिलाफ जर्मनी और फ्रांस में उग्र प्रदर्शन

फ्रैंकफर्ट/पेरिस, आरएनएन। बढ़ती महंगाई और शिक्षा के मुद्दों को लेकर जर्मनी और फ्रांस में विरोध प्रदर्शन उग्र हो गए हैं। जर्मनी में हजारों युवाओं के सड़कों पर उतरने के बाद फ्रैंकफर्ट और कोलोन जैसे प्रमुख शहरों में हिंसक झड़पें और लूटपाट हुई, जिसके चलते पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। जर्मनी में युवा-नेतृत्व वाले आंदोलन जेन जी रेगेल्ट ने बर्लिन, फ्रैंकफर्ट, कोलोन, हैम्बर्ग और म्यूनिख समेत प्रमुख शहरों में प्रदर्शन आयोजित किए। देश भर में लगभग 1.20 लाख लोग सड़कों पर उतरे। ये प्रदर्शन शाम ढलते ही कई शहरों में हिंसक हो गए। फ्रैंकफर्ट में भीषण उपद्रव देखने को मिला, जहां नकाबपोश समूहों ने शहर के मुख्य शॉपिंग इलाके जाइल में दुकानों के शीशे तोड़ दिए और स्टोरों में लूटपाट की। दूसरी ओर, बर्लिन में ब्रैंडेनबर्ग गेट के पास मुख्य सभा काफी हद तक शांतिपूर्ण रही, हालांकि शहर के अन्य हिस्सों में हुई कई घटनाओं में 27 पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए।


घूंघट ओढ़े महिला की मूर्ति ने बनाया नीलामी का रिकॉर्ड



● वियेना

ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में संगमरमर की एक मूर्ति 1.925 मिलियन यूरो (20 करोड़ से ज्यादा भारतीय रुपए) में बिकी है। इस नीलामी ने इतालवी बारोक मूर्तिकार एंटोनियो कोराडिनी की कलाकृतियों की बिक्री का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। नीलामी घर डोरोथियम ने बताया है कि नीलामी हॉल में मौजूद लोगों के अलावा फोन से जुड़े बोलीदाताओं ने इस बेहद खास मूर्ति को हासिल करने के लिए बढ़-चढ़कर बोलियां लगाईं, जिससे इसकी कीमत एक नए रिकॉर्ड तक पहुंच गई।

20 करोड़ रुपए में बिकी



अंतरिक्ष से रूस का दूसरा इंटरनेट सैटेलाइट भी गिरा

● मास्को

रूस अपना खुद का उपग्रह इंटरनेट सिस्टम बना रहा है। इसका नाम रासवेत है। यह स्पेसएक्स के स्टारलिंक जैसा काम करेगा। लेकिन एक बार फिर मुसीबत आ गई। रासवेत-3 नंबर 17 नाम का उपग्रह शुक्रवार 30 अक्टूबर को धरती के वायुमंडल में घुसकर जल गया। यह उपग्रह 19 जुलाई को आसमान में भेजा गया था। तीन महीने भी नहीं गुजरे थे कि यह वापस गिर गया। इससे पहले जून में भी एक ऐसा ही उपग्रह जल चुका था।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चाहते हैं कि उसे विदेशी कंपनियों पर निर्भर न रहना पड़े। खासकर दूर-दराज के इलाकों में अच्छा इंटरनेट पहुंचे। युद्ध और पाबंदियों के समय खुद का सिस्टम होना बहुत जरूरी है। इसलिए रूस कई छोटे उपग्रह आसमान में भेज रहा है जो मिलकर इंटरनेट देंगे. आमतौर पर उपग्रह को पहले थोड़ी नीची ऊंचाई पर भेजते हैं। फिर उसके इंजन से उसे ऊपर ले जाते हैं। लेकिन यह उपग्रह ऊपर नहीं जा पाया। धीरे-धीरे नीचे आता गया और आखिर में जल गया। जून वाले उपग्रह के साथ भी यही हुआ था।

अच्छी बात यह है कि अभी करीब 30 उपग्रह आसमान में हैं। ज्यादातर 500 किमी की ऊंचाई पर पहुंच चुके हैं। पूरा काम रुका नहीं है पर दिक्कतें जरूर आ रही हैं। इतने सारे उपग्रह सही जगह पहुंचाना और लंबे समय तक चलाना आसान नहीं है। एलन मस्क के स्टारलिंक ने हजारों उपग्रह भेजकर यह काम कर दिखाया है। रूस को अभी अनुभव कम है। पाबंदियों की वजह से कुछ जरूरी पार्ट्स भी आसानी से नहीं मिल रहे होंगे।

पोलैंड संवैधानिक संकट | चरम पर पहुंच गया तनाव

टस्क बोले, कानून के शासन पर कोई डील नहीं

● वारसॉ

पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने टीवी पर प्रसारित संबोधन में देश के गहराते संवैधानिक न्यायाधिकरण संकट पर कड़ा रुख अपनाते हुए है कहा कि हिंसा पर कानून के शासन की जीत होगी। देश की न्यायपालिका को लेकर तनाव चरम पर पहुंच गया है। पोलैंड के संवैधानिक न्यायालय की संरचना को लेकर जारी विवाद ने राष्ट्रपति कारोल नावरोत्स्की के साथ खुला टकराव पैदा कर दिया है।

नए जजों की नियुक्ति को ल गतिरोध के बीच राष्ट्रपति ने संवैधानिक न्यायाधिकरण की इमारत में प्रवेश करने का प्रयास किया था। इस दौरान पुलिस ने इमारत को घेर लिया। घटनाक्रम का टीवी पर सीधा प्रसारण हुआ, जिससे यह संकट पोलैंड से बाहर यूरोप की व्यापक राजनीतिक बहस का भी विषय बन गया। विपक्ष ने टस्क सरकार पर तख्तापलट की कोशिश करने का आरोप लगाया है। वहीं, सरकार का कहना है कि वह न्यायपालिका में वर्षों से जारी लॉ एंड जस्टिस पार्टी के हस्तक्षेप के बाद कानून का शासन बहाल करने जरूरी सुधार लागू कर रही है।

कतर से वार्ता के बाद दिया प्रस्ताव, अब ट्रम्प पर नजर

ईरान ने 2 दिन में होर्मुज खोलने का दिया ऑफर

तेहरान, आरएनएन। ईरान ने एक बार फिर होर्मुज खोलने का प्रस्ताव अमेरिका को दिया है। ईरान और कतर ने वार्ता के जरिए अमेरिका को शर्तें मानकर दो दिन के भीतर होर्मुज खोलने का ऑफर दिया है।

अमेरिका और ईरान में लगातार तनाव बरकरार

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि कतरी मध्यस्थों के साथ बातचीत के बाद तय किया गया है कि अगर अमेरिका तेहरान की शर्तें मान लेता है तो दो दिन में होर्मुज को फिर से खोल दिया जाएगा। फिलहाल अमेरिका की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। प्रपोजल पर डोनाल्ड ट्रंप को फैसला लेना है। अल जजीरा के मुताबिक, अराघची ने बताया कि कतर के साथ चर्चा के बाद होर्मुज खोलने के लिए प्रस्तावित समय-सीमा को पांच से घटाकर दो दिन किया गया है।

ईरानी वार्ताकारों ने शनिवार को दोहा में कतरी मध्यस्थों के साथ बातचीत की है। कतर में यह बातचीत शुक्रवार को तेहरान में ईरानी और कतरी प्रतिनिधियों के बीच 12 घंटे की चर्चा के बाद हुई है।

क्या हैं ईरान की शर्तें

तेहरान की मांगों के बारे में बताते हुए ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि इनमें इस्लामाबाद मेमोरेंडम के बाद लगाए गए प्रतिबंधों को हटाना, क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य बलों की संख्या कम करना, तेल छूट (ऑयल वेवर्स) को बहाल करना और ईरान के फ्रीज किए गए फंड को जारी करना शामिल है। हम तेल छूट की बहाली और अपने सभी फ्रीज किए गए फंड को जारी करने की मांग करते हैं, जिसमें कतर में मौजूद फंड भी शामिल हैं। अराघची ने आगे कहा कि हमारी शर्तों में इस्लामाबाद मेमोरेंडम के बाद लगाए गए प्रतिबंधों को हटाना और क्षेत्र में अमेरिकी बलों की संख्या कम करना शामिल है। उन्होंने कहा, ईरान चाहता है कि होर्मुज में उन शिपिंग मार्गों को मान्यता दी जाए, जिन पर तेहरान ने ओमान के साथ चर्चा की थी। साथ ही अन्य मार्गों को बंद कर दिया जाए। हमारी शर्तों के अनुसार होर्मुज को फिर से खोलने से और वाशिंगटन से लंबित मुद्दों पर वार्ता शुरू करने का रास्ता साफ हो जाएगा। ईरान का यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है, जब वाशिंगटन और तेहरान के बीच वार्ता के संभावित ढांचे को लेकर राजनयिक स्तर पर चर्चा जारी है।

एनएसए डोभाल वियतनाम पहुंचे



हनोई, आरएनएन। एनएसए अजीत डोभाल रविवार को एक आधिकारिक यात्रा पर वियतनाम पहुंचे और इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए देश के नेतृत्व के साथ बात करेंगे। हनोई में भारतीय दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि डोभाल की यह यात्रा भारत-वियतनाम उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के अनुरूप है। मई में, भारत और वियतनाम ने अपने संबंधों को 'उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुंचाया और 2030 तक 25 अरब अमेरिकी डॉलर का वार्षिक व्यापार लक्ष्य तय किया।

आर्मेनिया संसद में सेक्स मंत्रालय को लेकर चले लात-घूंसे, सदन में हंगामा

● येरावन

अर्मेनिया की संसद में एक बार फिर झगड़ा हुआ और एक महीने में यह तीसरी बार है। वैसे तो भ्रष्टाचार और सरकारी पैसों के कथित गबन के आरोपों को लेकर यहां पहले से बवाल हो रहा है। लेकिन इस बार झगड़े की वजहों में सेक्स मिनिस्ट्री को लेकर किया गया एक पुराना कमेंट भी शामिल है।

कुछ महीनों पहले विपक्षी पार्टी से जुड़े एक शख्स ने सेक्स मिनिस्ट्री को लेकर एक बयान दिया था, जिसे लेकर अब सदन में हंगामा हो गया और विवाद लात-घूंसों तक पहुंच गया।



सेक्स मिनिस्ट्री को लेकर विवाद क्या है : दरअसल, सेक्स मिनिस्ट्री को लेकर यह विवाद किसी आधिकारिक सरकारी प्रस्ताव या संसद में पेश किए गए विधेयक से नहीं जुड़ा है। इसका कनेक्शन जनवरी में जारी हुए एक पॉडकास्ट से है। उस वक्त आर्मेनिया में विपक्षी पार्टी स्ट्रॉन्ग आर्मेनिया से जुड़े सरगिस करापेत्यान ने एक पॉडकास्ट में देश की जनसंख्या से जुड़ी समस्या पर बातचीत की थी। पॉडकास्ट में एक अन्य प्रतिभागी ने मिनिस्ट्री ऑफ सेक्स का काल्पनिक नाम सुझाया। इस पर सरगिस करापेत्यान ने कहा कि सेक्स के बिना जनसांख्यिकीय समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। इसी बातचीत में मिनिस्ट्री ऑफ सेक्स बनाने का सुझाव आया।

नेपाल में भारी बर्फबारी, ट्रेकिंग के दौरान छह भारतीय पर्यटक लापता

● काठमांडू

नेपाल के हिमालयी क्षेत्र में भारी बर्फबारी के बाद छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। इनमें दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। सभी पर्यटक नेपाल की सबसे गहरी झीलों में से एक शे-फोक्सुंडो की ट्रेकिंग पर निकले थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यटक डोल्पो बुद्ध ग्रामीण नगरपालिका के वार्ड नंबर चार और आठ से झील की ओर जा रहे थे। उन्हें आखिरी बार शे-फोक्सुंडो ग्रामीण नपा के वार्ड चार और आठ के बीच स्थित नुमला पास और बागला पास के इलाकों में देखा गया था। गाइडों को आशंका है कि चक्रवात अर्नब के प्रभाव से हुई भारी बर्फबारी से पर्यटक पहाड़ों में फंस गए हैं। स्थानीय लोगों ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद पर्यटकों ने यात्रा जारी रखी।

नागपुर के आठ ज्वेलर्स को रंगदारी की धमकी

लॉरेंस गैंग के नाम से प्रत्येक से मांगे 10 लाख

● नागपुर

नागपुर में रविवार को रंगदारी की धमकी से ज्वेलर्स में चिंता बढ़ गई है। कथित तौर पर आठ सर्राफा कारोबारियों को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी भरे पत्र भेजे हैं। प्रत्येक से 10 लाख की मांग की है। डाक के जरिए भेजे गए इन पत्रों में कथित तौर पर कारोबारियों को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। रकम नहीं देने पर उन्हें गोली मारने या जान से खत्म करने की धमकी दी गई है। कहा-जैसे टाइगर श्रॉफ को मारा, वैसे ही मारेंगे। तीन से पांच दिन में रकम देने का अल्टीमेटम- रिपोर्टों के अनुसार, धमकी भरे पत्रों में कारोबारियों को अलग-अलग समयसीमा दी गई है। कुछ से तीन दिन के भीतर, जबकि अन्य से पांच दिन में रकम जुटाने को कहा गया है।

ब्रीफ न्यूज

नॉर्थ कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया

प्योंगयांग, आरएनएन। नॉर्थ कोरिया ने एक बार फिर अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया है। देश के रक्षा विज्ञान अनुसंधान संस्थानों ने सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों पर लगाने स्टैंडर्ड टाइप-2 क्लस्टर बम वॉरहेड का अहम टेस्ट किया। यह टेस्ट 31 अक्टूबर को हुआ था। जनरल किम जोंग-सिक ने इस टेस्ट की निगरानी की। इस वॉरहेड ने अधिकतम घनत्व पर 12 से 13 हेक्टेयर के लक्ष्य क्षेत्र को नष्ट करने की क्षमता दिखाई। यह परीक्षण युद्ध की परिस्थितियों में वॉरहेड की अनुकूलन क्षमता और उसकी विनाश शक्ति को जांचने के लिए किया गया था।

कबाड़ी से खरीदी मामूली चीज निकली 1956 की दुर्लभ मशाल

स्टाकहोम, आरएनएन। स्वीडन की एक महिला ने कबाड़ी बाजार से बेहद सस्ते दाम पर एक एल्यूमिनीयम की मशाल खरीदी थी। उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि उनके हाथ लगा यह सामान इतिहास का एक दुर्लभ हिस्सा है। दरअसल, यह 1956 के ओलंपिक खेलों के लिए तैयार एक खास मशाल थी। जब इसे नीलामी के लिए रखा गया तो इसकी कीमत 1.31 करोड़ रुपए से भी ज्यादा पहुंच गई। इस मशाल को दुर्लभ माना जाता है, क्योंकि दुनिया में आज इसके 10 से भी कम नमूने मौजूद हैं।

एक्स-59 विमान ने पहली वर्षगांठ पर यूएस के ऊपर भरी उड़ान

वाशिंगटन, आरएनएन। नासा के बेहद पतले और नुकीले एक्स-59 सुपरसोनिक प्रायोगिक विमान ने पहली उड़ान की पहली वर्षगांठ पर पूरे अमेरिका के ऊपर से उड़ान भरी। यह विमान कैलिफोर्निया से फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर की यात्रा पर निकला था। लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए, जो वायरल हो गए। नासा प्रशासक जेरेड इसाकमैन ने वीडियो की सराहना करते हुए विमान के कैनेडी सेंटर पहुंचने की पुष्टि की। विमान के साथ एक एफ-15, एक एफ/ए18 और एक गल्फस्ट्रीम सी-20 विमान एस्कॉर्ट के रूप में चल रहे थे।

पायलट प्रोजेक्ट | रिकॉर्ड 30 दिनों के भीतर केसर के फूल खिलना शुरू हुए, बंजर भूमि को लेकर प्रयोग रहा सफल

लद्दाख में खिले केसर के फूल, खेती के खुले नए रास्ते

● लेह

केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के काफी ऊंचाई वाले जगहों पर केसर की खेती में एक नई सफलता हासिल हुई है। सामान्य तौर पर फूल खिलने में लगने वाले दो महीने के समय के विपरीत यहां रिकॉर्ड 30 दिनों के भीतर केसर के फूल खिलना शुरू हो गए हैं।

लेह में हाल ही में बंजर भूमि को लेकर एक प्रयोग किया गया था और इसमें जमीन की कुछ देखभाल के बाद प्रयोग के तौर पर केसर की खेती शुरू की गयी। अब इस खेती ने पहले ही महीने रंग लाना शुरू कर दिया है।

लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा है कि वर्तमान में औसतन 20 से 25 फूल रोजाना खिल रहे हैं, जबकि रविवार सुबह 72 फूल खिले। केवल चार दिनों के भीतर ही लगभग 22 ग्राम शुद्ध केसर एकत्र किया जा चुका है। उपराज्यपाल ने इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता में अहम योगदान देने के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कृषि विभाग, समर्पित वैज्ञानिकों और मैदानी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

इसे लद्दाख की पर्यावरण सहनशीलता और क्षेत्र में उच्च ऊंचाई वाली खेती की असीम और अप्रयुक्त संभावनाओं का एक बड़ा प्रमाण माना जा रहा है। इस सफलता से लद्दाख में कृषि, कृषि-आधारित उद्यमिता के नए रास्ते खुलेंगे और एक मजबूत, समृद्ध तथा आत्मनिर्भर स्थानीय अर्थव्यवस्था का रास्ता खुलेगा।



लद्दाख के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने केसर की फसल का निरीक्षण किया।

औसतन 20 से 25 फूल रोजाना खिल रहे, रविवार सुबह खिले 72 फूल



संजय गुप्ता की अंतिम विदाई

बेटी ने पैपराजी का किया अपमान

मुम्बई, आरएनएन। बॉलीवुड इंडस्ट्री को शनिवार को एक झटका तब लगा जब फिल्ममेकर संजय गुप्ता का अचानक निधन हो गया। परिवार में मातम पसरा हुआ था, लेकिन उस बीच उनकी बेटी का एक वीडियो वायरल हुआ।

बीते दिन संजय गुप्ता के अंतिम संस्कार के बाद पैपराजी ने डायरेक्टर की बेटी दलाई गुप्ता का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनका दावा है कि वो पैप्स को आपत्तिजनक इशारे कर रही थीं। वीडियो में वो उन्हें मिडल फिंगर दिखाकर हंस रही थीं। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकती कि वो संजय गुप्ता की बेटी ही थीं, क्योंकि तब उन्होंने अपना चेहरा छिपाया हुआ था। वीडियो में एक लड़की कार की आगे वाली सीट पर बैठी नजर आ रही है। उसने हुडी से अपना चेहरा ढक रखा है।



वीडियो में लड़की फोटोग्राफर्स की तरफ देखकर हंसती हुई नजर आती है और फिर उन्हें मिडिल फिंगर दिखाती है, जिसे आपत्तिजनक इशारा माना जाता है। कार चला रहा शख्स उसे रोकने की कोशिश करता हुआ दिखाई देता है, लेकिन लड़की फिर भी ऐसा करती रहती है। पीछे बैठा एक शख्स भी उसे रोकने की कोशिश करता नजर आता है।

आज का इतिहास

- **1774:** अंग्रेज अधिकारी कमांडर इन चीफ ऑफ ब्रिटिश इंडिया राबर्ट क्लाइव ने इंग्लैंड में आत्महत्या की।
- **1834:** एटलस नाम का जहाज भारतीय मजदूरों को लेकर मॉरिशस पहुंचा था जिसे वहां अप्रवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- **1835:** अमेरिका के मूल निवासियों के विभिन्न गुटों के बीच फ्लोरिडा के ओसिओला में दूसरा सेमीनोले युद्ध शुरू हुआ। यह लड़ाई फ्लोरिडा युद्ध के नाम से भी मशहूर है।
- **1841:** अकबर खान ने अफगानिस्तान में शाह शुजा के खिलाफ विद्रोह किया,जिसमें उसे सफलता मिली।
- **1852:** फ्रेंकलिन पियर्स अमेरिका के राष्ट्रपति बने।

चित्तौड़गढ़ नगर परिषद में राजस्व बड़ा खेला और कागज़ों में दबा सरकारी आदेश !



स्मार्ट हलचल

आकाश शर्मा चित्तौड़गढ़ । आम जनता से पाई-पाई कर वसूलने वाली नगर परिषद, सरकारी खजाने को चूना लगाने वाले दोषियों पर मेहरबान क्यों है राज्य सरकार के स्पष्ट आदेशों के बावजूद चित्तौड़गढ़ नगर परिषद में 12.37 लाख से अधिक की राजस्व वसूली का ठंडे बस्ते में पड़े रहना प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि सीधी-सीधी 'सरकारी आदेशों की अवहेलना' और 'अधिकारियों की साठगांठ' का जीता-जागता प्रमाण है

दबी फाइलों की जुबानी सच

स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा 18 जनवरी 2023 को जारी दंडादेश के अनुसार, नगर परिषद के तीन कार्मिकों सुखदेव पटेल (तत्कालीन सहायक अभियंता, सेवानिवृत्त), दिलीप कुमार व्यास (लेखाकार) एवं शिव शंकर चौबीसा (कनिष्ठ सहायक)को नियम विरुद्ध तरीके से पूर्व उप सभापति भरत जागेटिया और अशोक जागेटिया को 12,37,981/- की राशि लौटाने का दोषी पाया गया। विभाग की जांच में यह सिद्ध हुआ कि परिपत्रों की गलत व्याख्या करके और उच्चाधिकारियों को अंधेरे में रखकर पालिका कोष को भारी आर्थिक क्षति पहुँचाई गई। इसके तहत सरकार ने आदेश दिए थे ग्र सुखदेव पटेल सेवानिवृत्त जेइएन इनकी पेंशन/ग्रेच्युटी (DCGP) में से 05 प्रतिशत राशि अथवा 4,12,661/- की कटौती कर परिषद कोष में जमा की जाए। दिलीप कुमार व्यास लेखाकार इनके वेतन-भत्तों से 4,12,660/- की राशि 36 समान किश्तों में काटी जाए। शिव शंकर चौबीसा कनिष्ठ लिपिक इनके वेतन-भत्तों से 4,12,660/- की राशि 60 समान किश्तों में काटी जाए

सरकार के आदेश की धज्जियां, जिम्मेदार मौन !

आदेश जारी हुए सालों बीत जाने के बावजूद चित्तौड़गढ़ नगर परिषद प्रशासन नींद से नहीं जागा है। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि इन कार्मिकों की सेवा पुस्तिका में लाल स्याही (Red Ink) से दंडादेश अंकित कर वसूली सुनिश्चित की जाए। परंतु परिषद के उच्च अधिकारियों की 'सहानुभूति' और 'लापरवाही' के चलते अब तक कोई ठोस वसूली नहीं की गई । यह सिर्फ कार्य में ढिलाई नहीं, बल्कि जनता के उस पैसे की चोरी है जो विकास कार्यों में लगना चाहिए था।

अब चक्रवर्ती ब्याज और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी हो वसूली !

कानूनी और प्रशासनिक नियमों के अनुसार चक्रवर्ती ब्याज की वसूली हो यदि इतने वर्षों तक सरकारी धन दबाकर रखा गया है, तो मूल राशि 12.37 लाख पर नियमानुसार बैंक ब्याज की दर से चक्रवर्ती ब्याज जोड़कर वसूली होनी चाहिए।

लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई

स्वायत्त शासन विभाग के आदेश की अवहेलना करने वाले और वसूली न करके दोषियों को शह देने वाले नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों (आयुक्त/अध्यक्ष) को भी इस वित्तीय अनियमितता में सहभागी माना जाना चाहिए और उनसे भी हर्जाना वसूला जाना चाहिए।

बड़ा सवाल

क्या नगर परिषद चित्तौड़गढ़ राज्य सरकार से भी ऊपर है जो 2023 के आदेशों को रद्दी की टोकरी में डाले बैठी है क्या आम नागरिक से चुंगी और कर वसूलने वाली परिषद अपने चहेते दोषियों पर इतनी मेहरबान क्यों है यदि तुरंत प्रभाव से इस वसूली प्रक्रिया को शुरू कर चक्रवर्ती ब्याज सहित राशि राजकोष में जमा नहीं कराई जाती, तो यह मामला केवल प्रशासनिक सुस्ती का नहीं बल्कि अपराधिक मिलीभगत का स्पष्ट मामला बनता है। उच्च अधिकारियों और सतर्कता विभाग (ACB) को तुरंत संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिरानी चाहिए ।

भारतीय किसान संघ के चितौड़ प्रान्त के सभी तहसील प्रभारियो की बैठक बेगू स्थित आदर्श विद्या मंदिर मे सम्पन हुई



स्मार्ट हलचल

बेगू/ इस बैठक मे हर तीन साल मे एक बार होने वाली भारतीय किसान संघ की अखिल भारतीय सदस्यता अभियान के तहत चितौड़ प्रान्त के संगठन योजना से सभी जिलों के सभी तहसील प्रभारियों की बैठक मे वर्ष 2027से 2030 की सदस्यता आगामी वर्ष के प्रथम सप्ताह मे ही करने का संकल्प लिया गया , चितौड़ प्रान्त के सभी हर राजस्व ग्राम मे भारतीय किसान संघ की ग्राम समिति बनाने की पूर्वयोजना पर मंथन किया गया ,इस बैठक को संगठन अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह,प्रान्त संगठन मंत्री परमानन्द,प्रान्त उपाध्यक्ष सोहन लाल माली ने मार्गदर्शन किया , इस मौके पर भीलवाडा जिले कार्यकर्ता भागु लाल गुर्जर,प्रान्त विधि प्रमुख,लादुलाल जाट जिलामंत्री,श्याम लाल सुथार जिला प्रचार प्रमुख, कन्हैयालाल प्रजापत तहसील अध्यक्ष सवाईपुर बड़लियास , लालाराम गुजर , व पुष्कर लाल मीणा ने तहसील प्रभारियों की जिम्मेदारी की हैसियत से भाग लेकर जिले की सभी तहसीलों मे संगठन का काम करने दायित्व लिया

हुतात्मा दिवस पर रक्तदान के लिए उमड़ा युवाओं का उत्साह,

रामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के शहीद रामभक्तों की स्मृति में विहिप-बजरंग दल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

भीलवाड़ा जिले में 160 यूनिट रक्त संग्रह

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा रामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में शहीद हुए रामभक्तों की स्मृति में हुतात्मा दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। शहीद रामभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से आयोजित इन शिविरों में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। रक्तदान को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भीलवाड़ा महानगर और आसिंद जिले के बदनौर प्रखंड में आयोजित शिविरों में कुल 160 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि अखिल भारतीय योजना के तहत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 नवंबर को हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में भीलवाड़ा महानगर के महात्मा गांधी चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे आयोजित शिविर का शुभारंभ काठियाबाबा हनुमान टेकरी के संत बनवारीशरण जी महाराज, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण गोड़, बजरंग दल प्रांत सह संयोजक अखिलेश व्यास, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बुलिया, महानगर सह संयोजक हितेश नाथ, महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बहेड़िया, उपाध्यक्ष भारत गेंगट एवं सहमंत्री सौम्या मेहता ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चार के साथ किया। शिविर के दौरान सातों प्रखंडों से पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। भारत माता की जय, जयकारे वीर बजरंगी, हर-हर महादेव, फूल नहीं चिंगारी है, यह भारत की नारी है और देश का बल बजरंग दल जैसे नारों से शिविर स्थल गूंज उठा। रक्तदान के प्रति युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि महात्मा गांधी चिकित्सालय के ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में कुल 75 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। विभाग मंत्री विजय ओझा ने बताया कि हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में आसिंद जिले के बदनौर प्रखंड में भी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 85 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इस प्रकार भीलवाड़ा महानगर और बदनौर प्रखंड में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 160 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। आयोजकों ने रक्तदान करने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं युवाओं का आभार जताते हुए कहा कि शहीद रामभक्तों की स्मृति में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने का संकल्प लेना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

आसमान से बरसे फूल, कदमताल करते स्वयंसेवकों का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

संघ के शताब्दी वर्ष पर जहाजपुर में निकला विराट पथ संचलन, 22 प्रमुख मार्गों से गुजरा स्वयंसेवकों का अनुशासित काफिला

ड्रोन से पुष्पवर्षा कर सौरभ मीणा ने जोड़ा आयोजन में अनूठा रंग, स्वयंसेवकों के साथ सामाजिक संगठनों और नगरवासियों पर भी बरसाए फूल।

स्मार्ट हलचल/अलकेश पारीक



जहाजपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को जहाजपुर में निकले विराट पथ संचलन में अनुशासन, संगठनात्मक एकता और सामाजिक सहभागिता का अनूठा संगम देखने को मिला। शहर की सड़कों पर एक साथ कदमताल करते स्वयंसेवकों का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान आसमान से बरसते फूलों ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया।

ड्रोन से पुष्पवर्षा कर सौरभ मीणा ने खींचा ध्यान

पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक सौरभ मीणा की विशेष पहल आकर्षण का केंद्र रही। उनकी ओर से ड्रोन के माध्यम से संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कराई गई। आसमान से बरसते फूलों के बीच अनुशासित कदमताल करते स्वयंसेवकों का दृश्य देखते ही बना। खास बात यह रही कि सौरभ मीणा ने केवल स्वयंसेवकों ही नहीं, बल्कि शहर के विभिन्न स्थानों पर मौजूद सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और नगरवासियों पर भी ड्रोन से पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इस अनूठी पहल को देखने के लिए लोगों की निगाहें आसमान की ओर टिकी रहीं और कई लोगों ने इस दृश्य को मोबाइल कैमरों में कैद किया।

22 प्रमुख मार्गों से गुजरा विराट पथ संचलन

रविवार शाम राजराजेश्वर मंदिर से शुरू हुआ विराट पथ संचलन शहर के 22 प्रमुख मार्गों और बाजारों से होकर गुजरा। घास भैरूजी चौराहा, सदर बाजार, बिंदी दरवाजा, देवली रोड, अंबेडकर सर्किल, गोपाल जी मंदिर, पिपलेश्वर बालाजी, तकिया मस्जिद, जामा मस्जिद और चेतक चौराहा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए संचलन खेल स्टेडियम पहुंचा।

जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

पथ संचलन के मार्ग में नगरवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। पूरे शहर में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। खेल स्टेडियम में समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। संघ के शताब्दी वर्ष के इस आयोजन में अनुशासन और सामूहिकता के साथ सौरभ मीणा की ड्रोन पुष्पवर्षा वाली पहल विशेष आकर्षण के रूप में सामने आई।

सातोला का खेड़ा के नवनिर्वाचित सरपंच गुर्जर ने चारभुजानाथ के मत्था टेका



सातोला का खेड़ा से कोटड़ी चारभुजानाथ तक कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस निकाला

स्मार्ट हलचल

कोटड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सातोला का खेड़ा के नवनिर्वाचित सरपंच भगवती लाल गुर्जर ने कोटड़ी श्याम के डर और मत्था टेक अपनी मन्नत पूरी की। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ डीजे की धुन पर नाचते हुए सातोला का खेड़ा से रवाना हो कर कोटड़ी श्याम तक कि पदयात्रा में जबरदस्त स्वागत हुए। सरपंच बनने के बाद अपनी मन्नत पूरी करने पैदल यात्रा की शुरुआत श्री चारभुजा नाथ मंदिर सतोला का खेड़ा से हुई जहाँ ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद हाथीभाटा चौराहा, फतेहगढ़, उदलियास, कोदिया, रीठ चौराहा, मानसिंह जी का झूंपड़ा, नेहरू नगर, कोटड़ी बस स्टैंड और सदर बाजार कोटड़ी पर गर्म जोशी से जयकारों के साथ माला, साफा पहना कर स्वागत किया गया, साथ ही मिठाई बाट कर खुशी जाहिर की। कोटड़ी पुराने बस स्टैंड पर सरपंच साहब नरपत सिंह शक्तावत, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य, कोटड़ी कांग्रेस पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी दिनेश शर्मा, महेंद्र ट्रेलर, वार्डपंच दीपक टेलर, जावल सरपंच श्रवण गुर्जर, श्याम अहीर सहित कई गणमान्य लोगों ने माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। श्री चारभुजा मंदिर निर्माण कमेटी अध्यक्ष व जिला परिषद प्रत्याशी राम लाल गुर्जर ने चारभुजा नाथ की तस्वीर भेंट कर सरपंच भगवती लाल गुर्जर का सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच भगवती लाल गुर्जर ने सभी ग्रामवासियों, समर्थकों और स्वागत करने वाले सभी लोगों का दिल से धन्यवाद व आभार व्यक्त किया और कहा कि वे सबके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करने का आस्वासन दिया।

प्रशासनिक उदासीनता और राजनैतिक संरक्षण की भेंट चढ़ता शहर....

चित्तौड़गढ़ में जल-निकास तंत्र पर संकट

स्मार्ट हलचल



फोटो न. 1....सामने की दूकान के नीचे से निकल कर आ रहा नाला..... बीच में बड़ी बड़ी पत्थर की पट्टीया लगी हुई



फोटो न. 2...नगर परिषद के अधिकारियो द्वारा बताया गया की ये निर्माण बिना परमिशन के हो रहा है



फोटो न. 5....नींव के बाद भराव कर दिया और दीवार उठाने की तैयारी लगभग पूरी....

आकाश शर्मा चित्तौड़गढ़ शौर्य, त्याग और इतिहास की धरा चित्तौड़गढ़ आज एक गंभीर पारिस्थितिक संकट और प्रशासनिक लाचारी के दौर से गुजर रही है। शहर की पहचान केवल इसके गौरवशाली अतीत तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी भौगोलिक बनावट और प्राकृतिक जल-प्रवाह इसके जीवन का मुख्य आधार रहे हैं। लेकिन विडंबना यह है कि अंधाधुंध विकास, राजनैतिक संकीर्णता और प्रशासनिक उदासीनता के चलते यह शहर लगातार एक बड़ी आपदा की ओर धकेला जा रहा है। इस संकट का सबसे बड़ा प्रमाण शहर के पारंपरिक जल-ड्रेनेज सिस्टम और प्राकृतिक जल-मार्गों की वर्तमान बदहाली है। राजस्व अभिलेखों पर नजर डालें, तो ग्राम चित्तौड़गढ़ की साबिक आराजी नंबर 984, 985, 983 एवं 978 के मी. नंबरों में से सेटलमेंट के पश्चात नवीन आराजी नंबर 1722 (रकबा 0.32 हेक्टेयर, किस्म नाला) तथा नवीन आराजी नंबर 1723 (रकबा 0.37 हेक्टेयर, किस्म रास्ता) सृजित हुई है। यह अकाट्य सत्य है कि पुराने शहर और विश्व प्रसिद्ध किले से वर्षाकाल में आने वाला अपार जलसैलाब तथा घनी आबादी का सीवर का पानी इन्हीं दोनों प्रमुख आराजात से होकर गंभीरी नदी में विलीन होता है। किंतु, शहर के व्यस्तम मार्ग गोल प्याऊ से सुभाष चौक के बीच स्थित सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के बाहर चल रहा विवादित निर्माण कार्य इस प्रशासनिक मिलीभगत की कलई खोल देता है। पूर्व के अधिकारियों द्वारा नाले पर ही स्वीकृति दिए जाने के बाद, वर्तमान में नए मालिक द्वारा बिना वैध अनुमति के खुदाई कर निर्माण कार्य जारी है। हैरानी की बात यह है कि जनहित में शिकायत करने पर न केवल आयुक्त और कर्मचारी उदासीन बने हुए हैं, बल्कि सूत्रों के अनुसार, शिकायत की जानकारी फौरन निर्माणकर्ता तक पहुंचाकर मामले को दबाने और समझौते के प्रयास किए जा रहे हैं। हम वो नाम भी खोलेंगे जिसने हमें गाँधी छाप कागज के कुछ पन्नो से खरीदने की कोशिस की है ग्र गौरतलब है की जब जब सरकारी छुट्टी या त्यौहार का मौका आया है तब तब यहां पर निर्माण कार्य किया जा रहा है वो भी प्रसासनिक मौन स्वीकृति पर, पिछले कुछ वर्षों से राजनैतिक संरक्षण और प्रशासनिक छत्रछाया ने इन जल-प्रवाह क्षेत्रों का भूगोल ही बदल दिया है। रसूखदार और धनबल के लोग सार्वजनिक भूमियों, नालों और रास्तों पर काबिज हो चुके हैं। जब कानून के रखवाले आंखें मूंद लेते हैं, तब भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हो जाते हैं और जरा सी बारिश में चित्तौड़गढ़ की सड़कें दरिया बन जाती हैं। यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ आपराधिक खिलवाड़ है। यदि समय रहते राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 तथा राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के तहत अवैध कब्जों पर बुलडोजर नहीं चलाया गया, तो वह दिन दूर नहीं जब चित्तौड़गढ़ गंभीर पर्यावरणीय आपदा का केंद्र बन जाएगा।

रूपनगढ़ रोड की क्षतिग्रस्त पुलिया पर नवंबर के प्रथम सप्ताह में शुरू होगा डामरीकरण

पीडब्ल्यूडी ने ठेकेदार को रिस्क एंड कॉस्ट पर जारी किया कार्यादेश, भाजपा नेता महेंद्र पाटनी के प्रयासों के बाद कार्य शुरू होने की जगी उम्मीद...



स्मार्ट हलचल

अजमेर/ /रूपनगढ़ रोड स्थित क्षतिग्रस्त रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) की पुलिया पर डामरीकरण का कार्य शीघ्र शुरू होगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता विशाल कुमार ने संबंधित कार्य के लिए मैसर्स श्री तेजा इंफ्रास्ट्रक्चर को रिस्क एंड कॉस्ट के आधार पर कार्यादेश जारी करते हुए नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में कार्य शुरू करवाने का भरोसा दिया है। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने बताया कि राज्य सरकार के बजट वर्ष 2024-25 में किशनगढ़ के शहरी क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए दो करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। जिला कलेक्टर, अजमेर की अनुशंसा पर नगर परिषद क्षेत्र में स्वीकृत पैकेज संख्या RJ-01-02/LSG/NP-KSG के अंतर्गत विभिन्न सड़क एवं अन्य विकास कार्य करवाए गए, लेकिन आरओबी की पुलिया पर डामरीकरण का कार्य लंबे समय से अधूरा था। पाटनी ने बताया कि इस पैकेज में अंबेडकर सर्किल से बालाजी मंदिर तक सिटी रोड पर सीसी रोड सहित शहरी क्षेत्र के अन्य कार्य शामिल थे। आरओबी पर शेष रहे कार्य को पूरा करवाने के लिए पूर्व में कानपुर की फर्म मैसर्स तेजस रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा बाद में किशनगढ़ की जगदीश कंस्ट्रक्शन को कार्यादेश जारी किए गए थे। हालांकि, संबंधित फर्मों से कार्य पूरा नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि आमजन को क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण होने वाली परेशानी को देखते हुए उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से लगातार संपर्क कर शेष कार्य के लिए नई निविदा जारी करने तथा कार्य शीघ्र पूरा करवाने की मांग उठाई। अब विभाग द्वारा रिस्क एंड कॉस्ट के आधार पर नई फर्म को कार्यादेश जारी किए जाने से डामरीकरण का रास्ता साफ हुआ है। पाटनी ने बताया कि वे किशनगढ़ क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी के अधूरे, बंद पड़े तथा दोष दायित्व अवधि (डीएलपी) के दौरान क्षतिग्रस्त हुए विकास कार्यों को पूरा करवाने और उनकी मरम्मत कराने के लिए भी लगातार प्रयासरत हैं। इस संबंध में वे राज्य की उपमुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री दिया कुमारी सहित विभाग के उच्च अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराते रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आरओबी की पुलिया पर डामरीकरण का कार्य निर्धारित समय पर शुरू होकर शीघ्र पूरा होगा, जिससे आमजन को राहत मिलेगी।

दिल्ली में भीलवाड़ा कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, रामलीला मैदान में गूंजे नारे

शिवराम खटीक के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचे कांग्रेसजन, 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारों से गूंजा राजधानी का माहौल

स्मार्ट हलचल/महेन्द्र नागौरी



भीलवाड़ा दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित कांग्रेस की विशाल रैली में भीलवाड़ा के कांग्रेसजनों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। जिलाध्यक्ष शिवराम खटीक जी.पी. के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने 'वोट बचाओ-देश बचाओ', 'वोट चोर गद्दी छोड़' और 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारों के साथ दिल्ली की सड़कों पर मार्च किया। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के आह्वान पर आयोजित रैली में भीलवाड़ा कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे लेकर रामलीला मैदान पहुंचे। इस दौरान संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। रैली के दौरान राजस्थान प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव ललित तुनवाल ने भी भीलवाड़ा के कांग्रेसजनों से मुलाकात की। उन्होंने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी पर बधाई देते हुए जिलाध्यक्ष शिवराम खटीक के संगठनात्मक प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पूर्व प्रधान भंवरलाल गर्ग, मोहम्मद हारून रंगरेज, योगेश सोनी, सत्यवीर सिंह, शिवालय घावरी, सुरेश पारीक, गोपाल खटीक, चन्द्रप्रकाश अमरवाल, लादूलाल बलाई सहित करिश्मा धौलपुरिया, साधना रंगरेज, आशा सेन, कल्पना धौलपुरिया, वर्षारानी धौलपुरिया, खैमराज पनवा, पुलकित टेलर, मनोज छीपा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गंगापुर के लाखोला चौराहा पुलिया पर दो वाहनों की भिड़ंत



स्मार्ट हलचल

गंगापुर निकटवर्ती लाखोला चौराहा पर रविवार को लाखोला चौराहा पुलिया पर एक गंभीर सड़क दुर्घटना हो गई। इसमें एक बोलेरो गाड़ी और गलत दिशा से आ रही ट्रॉली की जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना इतनी तेज और भीषण थी कि बोलेरो का आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। बोलेरो के आगे बैठे एक महिला और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों जिनमें शारदा पत्नी गणपत लाल सालवी निवासी आसुना तहसील रायपुर और उसका घायल पुत्र ललित सालवी को एम्बुलेंस की सहायता से तुरंत भीलवाड़ा अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार ट्रॉली गलत साइड से आ रही थी, जिसके कारण आमने-सामने की टक्कर हुई। पुलिया क्षेत्र में यातायात कुछ देर के लिए बाधित रहा। स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें एंबुलेंस की सहायता से भेजा गया।

सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता की मिसाल बना अग्रवाल मारवाड़ी पंचायत का शिविर, 135 लोगों की हुई जांच

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया परामर्श, हड्डी, दांत और जोड़ों से जुड़ी समस्याओं का किया परीक्षण

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री अग्रवाल मारवाड़ी पंचायत संस्था की ओर से रविवार को लालान गली स्थित अग्रवाल मारवाड़ी पंचायत भवन में नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 135 नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच करवाकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। संस्था अध्यक्ष रमेश बंसल ने महाराजा श्री अग्रसेनजी की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर संयोजक घनश्याम अरडका ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित शिविर में ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन एवं वजन सहित विभिन्न जांचें नि:शुल्क की गईं। अमृतकौर चिकित्सालय के वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद अग्रवाल ने हड्डियों से संबंधित समस्याओं का परीक्षण कर उपचार एवं परामर्श दिया। उन्होंने हड्डियों को मजबूत रखने के लिए कैल्शियम और विटामिन-डी युक्त आहार, नियमित व्यायाम तथा सही तरीके से उठने-बैठने की सलाह दी। दंत चिकित्सक डॉ. तृप्ति तंवर ने दांतों की जांच की, जबकि एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. कल्पना गोयल ने जोड़ों एवं शरीर के विभिन्न अंगों के दर्द से राहत के लिए व्यायाम और थैरेपी की जानकारी दी। शिविर में संस्था पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। अमृतकौर अस्पताल के लैब टेक्नीशियन दीपक धोधावत, शमीम काठात एवं पायल बोहरा ने अपनी सेवाएं दीं।

बिना भेदभाव जरूरतमंदों को मिलते हैं चिकित्सा उपकरण

संस्था की ओर से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को जाति, धर्म और संप्रदाय के भेदभाव के बिना चिकित्सा उपकरण नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं। संस्था अध्यक्ष रमेश बंसल ने बताया कि आगामी चिकित्सा शिविर 6 दिसंबर रविवार को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से शिविरों का लाभ उठाकर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की।

दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा एक्शन, 2520 किलो अचार सीज

केक, मिठाई, तेल, घी और मसालों के नमूने लिए, जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल





भीलवाड़ा, 1 नवंबर। दीपावली के त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हरनी गांव स्थित राजश्री गृह उद्योग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 2520 किलोग्राम केरी का अचार सीज कर दिया। विभाग की इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राजश्री गृह उद्योग से केरी के अचार का नमूना लिया गया तथा प्रतिष्ठान संचालक को आवश्यक सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया। इसी तरह जोधड़ास चौराहा स्थित कैक एंड फैक्ट्री से चॉकलेट ट्रफल केक का नमूना लेकर संबंधित प्रतिष्ठान को भी सुधार नोटिस दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शनिवार को भी शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर सघन जांच अभियान चलाया। इसके तहत चित्तौड़ रोड स्थित श्री सांवरिया तेल घानी से सरसों के तेल, मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर के नमूने लिए गए। वार्ड नंबर 9 स्थित बाकियारानी मिष्ठान भंडार से रसगुल्ले, वार्ड नंबर 18 स्थित लक्ष्मी किराना स्टोर से घी तथा बापू बाजार स्थित महालक्ष्मी मिष्ठान भंडार से मलाई बर्फी का नमूना लिया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना को लेकर भी विशेष ध्यान दिया गया। विभागीय अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सामग्री के सुरक्षित रखरखाव, स्वच्छता तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थों की बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जहां आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी पाई गई, वहां सुधार नोटिस जारी किए गए। डॉ. शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान लिए गए सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दीपावली तक जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण एवं नमूने लेने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरज कुमार मीणा, कुलदीप चौधरी एवं संजय वर्मा मौजूद रहे। विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि कहीं भी खाद्य पदार्थों में मिलावट अथवा संदिग्ध खाद्य सामग्री की जानकारी मिलने पर जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01482-232643 पर सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

तिलकनगर माहेश्वरी क्षेत्रीय सभा का भव्य दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह 15 नवंबर को

75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजनों और प्रशासनिक-तकनीकी प्रतिभाओं का होगा नागरिक अभिनंदन

कुवाड़ा स्थित तेजाजी मंदिर में अध्यक्ष अशोक तुर्किया के सानिध्य में हुई बैठक में तय हुई रूपरेखा; महिला मंडल व युवा संगठन दोपहर 3 बजे से कराएंगे खेलकूद व सामूहिक प्रतियोगिताएं

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा। तिलकनगर माहेश्वरी क्षेत्रीय सभा के तत्वावधान में क्षेत्र में निवासरत माहेश्वरी परिवारों का सामूहिक दीपावली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आगामी रविवार, 15 नवंबर 2026 को धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। समारोह की रूपरेखा तय करने को लेकर कुवाड़ा स्थित तेजाजी मंदिर परिसर में सभा अध्यक्ष अशोक तुर्किया के सानिध्य में कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का सम्मान, प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

क्षेत्रीय सभा के सचिव सुशील बांगड़ ने बताया कि स्नेह मिलन समारोह में तिलकनगर क्षेत्र के 75 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठजनों का विशेष अभिनंदन कर उनका पावन आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। इसके साथ ही विगत दो वर्षों में सीए (CA), सीएफए (CFA), डॉक्टर, इंजीनियर, सीएस (CS), आईएएस (IAS), आईपीएस (IPS) एवं आरएएस (RAS) जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

दोपहर 3 बजे से खेलकूद व सामूहिक गतिविधियां

आयोजन को पारिवारिक और आनंदमयी स्वरूप देने के लिए तिलकनगर क्षेत्रीय सभा महिला मंडल एवं युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में दोपहर 3:00 बजे से विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रोचक सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। समारोह में भीलवाड़ा शहर व नगर माहेश्वरी सभा के शीर्ष पदाधिकारियों का सानिध्य और मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

सांस्कृतिक व खेलकूद: दोपहर 3:00 बजे से महिला मंडल व युवा संगठन द्वारा विविध सामूहिक प्रतियोगिताएं।

मार्गदर्शन: भीलवाड़ा शहर एवं नगर माहेश्वरी सभा के पदाधिकारियों का सानिध्य।

बैठक में ये रहे उपस्थित

आयोजन की तैयारी बैठक में अनिल सोमाणी, गोपाल डाड, कमलेश दरगड़, पंकज काबरा, राजेश कास्ट, केदार सोमाणी, परमेश्वर पोरवाल, विजय लड्ढा, अमरचंद बांगड़, रोहन पोरवाल एवं श्यामसुंदर काबरा सहित सभा के प्रमुख सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में सभा अध्यक्ष अशोक तुर्किया ने सभी समाज बंधुओं को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं तथा सचिव सुशील बांगड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यभार ग्रहण करने से पहले ही एक्शन मोड में आईं सरपंच सीता देवी भील...

दीपावली से पूर्व चमकेगा नीम का खेड़ा, सफाई व विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

4 नवंबर को सुबह 10 बजे होगा पदभार ग्रहण समारोह, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल होंगे मुख्य अतिथि; ग्राम विकास अधिकारी हर्षित भट्ट की देखरेख में युद्धस्तर पर चल रही तैयारियां

स्मार्ट हलचल



नीम का खेड़ा/मांडलगढ़ । मांडलगढ़ उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नीम का खेड़ा में नवनिर्वाचित सरपंच सीता देवी भील ने औपचारिक कार्यभार संभालने से पहले ही विकास और स्वच्छता कार्यों का मोर्चा संभाल लिया है। आगामी 4 नवंबर को आयोजित होने वाले पदभार ग्रहण समारोह से पूर्व ही उन्होंने पंचायत को संवारने की पहल शुरू कर दी है, ताकि रोशनी के पावन पर्व दीपावली पर संपूर्ण ग्राम पंचायत स्वच्छ, सुंदर और जगमग नजर आए। जनहित के प्रति उनकी इस तत्परता की ग्रामीणों में खासी सराहना हो रही है।

4 नवंबर को होगा पदभार ग्रहण, विधायक गोपाल खंडेलवाल होंगे मुख्य अतिथि

ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नवनिर्वाचित सरपंच सीता देवी भील का पदभार ग्रहण समारोह 4 नवंबर को प्रात: 10:00 बजे गरिमामयी माहौल में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल होंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहकर नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे।

दीपावली से पहले संपूर्ण पंचायत को स्वच्छ और रोशन करने का संकल्प

आमतौर पर जनप्रतिनिधि पदभार संभालने के बाद काम शुरू करते हैं, लेकिन सरपंच सीता देवी भील ने कार्यभार से पहले ही प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। उनका मुख्य ध्येय आगामी दीपावली पर्व से पहले समूची ग्राम पंचायत में व्यापक सफाई अभियान चलाकर रास्तों को सुगम बनाना और सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कर गांव को जगमग करना है। ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) हर्षित भट्ट पूरी प्रशासनिक मुस्तैदी के साथ इन विकास व स्वच्छता कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने में जुटे हैं।

ग्रामीणों में उत्साह, नई कार्यशैली की हो रही सराहना

पदभार ग्रहण से पहले ही सार्वजनिक समस्याओं के त्वरित निस्तारण और सफाई अभियान को गति मिलने से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नवनिर्वाचित सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी की सक्रिय जुगलबंदी से पंचायत में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

त्योहारी सीजन में सुरक्षा का चक्रव्यूह तैयार, बाजारों से अस्पतालों तक प्रशासन की कड़ी नजर

दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट कमल राम मीना ने जारी किए निर्देश, बिजली-पानी और चिकित्सा सेवाएं निर्बाध रखने के आदेश...

स्मार्ट हलचल

ब्यावर। दीपावली के उल्लास के बीच किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं का खाका तैयार कर लिया है। दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज पर्व को लेकर जिला मजिस्ट्रेट कमल राम मीना ने संबंधित विभागों को अलर्ट करते हुए कानून व्यवस्था से लेकर अग्निशमन, यातायात, चिकित्सा और मूलभूत सुविधाओं तक पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार ब्यावर जिले में 8, 9 एवं 11 नवंबर को पर्व मनाए जाएंगे। इस दौरान भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक को पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात करने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपखंड मजिस्ट्रेट, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आतिशबाजी के बीच आग से बचाव की तैयारी

त्योहारों पर आगजनी की घटनाओं की आशंका को देखते हुए नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं को फायर ब्रिगेड के वाहनों को तैयार रखने तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। पटाखों की बिक्री और आतिशबाजी के दौरान सुरक्षा मानकों की पालना कराने के साथ निर्धारित स्थानों पर ही आतिशबाजी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

आपात स्थिति में अस्पतालों में मिलेंगी सेवाएं

आतिशबाजी से जलने अथवा अन्य दुर्घटनाओं की स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों में चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। एंबुलेंस और आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं तैयार रखने के साथ जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त चिकित्सा दल एवं संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बिजली-पानी की व्यवस्था में नहीं हो बाधा

जिला प्रशासन ने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने तथा संभावित विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है। जलदाय विभाग को भी सभी क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बाजारों में यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण, आवारा पशुओं की रोकथाम तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने पर विशेष जोर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय रहते व्यवस्थाएं पूरी करने और की गई कार्रवाई से जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

अपहरण के बाद कालपी बार संघ अध्यक्ष की कानपुर में हत्या, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

स्मार्ट हलचल



कानपुर। मुकदमे की फाइल देने के बहाने से कानपुर बुलाए गए जालौन के कालपी बार संघ अध्यक्ष की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। उनकी लाश आज रविवार को यहां सचेंडी क्षेत्र से बरामद की गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर है। 70 साल के वरिष्ठ अधिवक्ता और कालपी बार संघ क के अध्यक्ष गयादीन अहिरवार का शनिवार रात कानपुर-झांसी हाईवे पर दुर्गा मंदिर चौराहे से कार सवार बदमाशों ने अगवा कर लिया था। इसके बाद ही आज रविवार सुबह सचेंडी इलाके में शव मिला। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अधिवक्ता गयादीन को फोन कर केस की फाइल के बारे में बात करने के बहाने बुलाया गया था। इसके बाद अपहरण करता उन्हें किडनैप कर उरई की ओर ले गए। बाद में उनका मोबाइल फोन बंद आने लगा। जिस नंबर से उन्हें फोन किया गया, वह भी स्विच ऑफ हो गया था। जहां तक घटना की वजह का सवाल है । पुलिस की प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद की बात सामने आई है। इस 2 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चौथी बार कालपी बार संघ के अध्यक्ष बने गयादीन अहिरवार जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर कालपी कोतवाली के कागजीपुरा इलाके के रहने वाले थे। परिजनों के मुताबिक 8 मई 2026 को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले गयादीन 1981 से कालपी में सिविल और क्रिमिनल मामलों की वकालत कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी राजेश्वरी (68), तीन बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ा बेटा सौरभ (40) लखनऊ में काम करता है। छोटा बेटा हर्षमित्रा (30) कालपी में घर पर ही रहता है। एक बेटे गौरव मित्रा की 31 अक्टूबर 2025 को मौत हो गई थी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर हत्यारोपियों की तलाश में लगातार जुटी हुई है ,जिसके क्रम में संदिग्ध बचाए जाने वाले दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है।

शिक्षा मंत्री से मिले शिक्षक संघ (सियाराम) के पदाधिकारी,



मांगों के समाधान का मिला आश्वासन

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा के नेतृत्व में कोटा स्थित शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निवास पर मुलाकात की। इस दौरान शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों, समस्याओं एवं शिक्षा विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों के हितों से जुड़े मांग पत्र को शिक्षा मंत्री के समक्ष रखते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा एवं महामंत्री रामदयाल मीणा ने शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं और मांगों से शिक्षा मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों का समयबद्ध निस्तारण होने से शिक्षक वर्ग को राहत मिलेगी और शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रतिनिधिमंडल की ओर से रखी गई मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के हितों के प्रति संवेदनशील है तथा उनकी जायज मांगों के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी, प्रदेश संरक्षक शिवराम शर्मा, संयुक्त महामंत्री राजेंद्र पारीक, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन, माध्यमिक शिक्षा के प्रदेश महामंत्री मोहनलाल धाकड़, प्रदेश सह संगठन महामंत्री देवेंद्र सिंह राठौड़, प्रदेश महिला मंत्री मंजू डोरिया, प्रदेश संगठन मंत्री राज सिंह, कोटा जिलाध्यक्ष हरिओम प्रजापति, जिला मंत्री राम सिंह मीणा, भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा सहित शिवराज झंवर, अजय कुमार जैन, पवन कुमार धाकड़ एवं जगदीश प्रसाद राय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का साफा बंधवाकर एवं बुके भेंटकर अभिनंदन किया।

शुभ पुष्य नक्षत्र में शोपुरा जाटोंका की सरपंच कमलेश जाट ने संभाला पदभार

हवन-पूजन और श्रीराम के जयकारों के बीच हुआ कार्यभार ग्रहण समारोह, विकास का दिलाया भरोसा

स्मार्ट हलचल



आकोला। नवगठित ग्राम पंचायत शोपुरा जाटोंका, पंचायत समिति कोटड़ी, जिला भीलवाड़ा में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती कमलेश देवराज जाट ने शुभ पुष्य नक्षत्र में विधि-विधान के साथ पदभार ग्रहण किया। ग्राम शोपुरा के सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में धार्मिक परंपराओं और उत्साह का माहौल रहा। पंडित सत्यनारायण उपाध्याय के सानिध्य में हवन-पूजन के बाद मोलीबंधन खोलकर सरपंच कमलेश देवराज जाट को सरपंच की कुर्सी पर बैठाया गया। इस दौरान श्रीराम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का पांच बार जाप कर पदभार ग्रहण की प्रक्रिया संपन्न हुई। सरपंच ने अपनी जीत को जनता जनार्दन के आशीर्वाद और प्रभु श्रीराम की कृपा बताया। सरपंच कमलेश देवराज जाट ने ग्राम पंचायत के विकास में कोई कमी नहीं रखने तथा गरीब एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिलाया। समारोह में शोपुरा जाटोंका सहित अमरतिया, देवनगर और करेड़ गांवों के सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि के रूप में एडवोकेट सत्यनारायण तेली, सवाईपुर सरपंच बालूलाल बलाई, पूर्व सरपंच नवरतन शर्मा, अमरचंद गाडरी, मोटरों का खेड़ा सरपंच काशीराम जाट, रेड़वास सरपंच महावीर जाट, गेंदलिया सरपंच कैलाश माली, भारतीय किसान संघ राजस्थान के प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। धार्मिक आस्था और जनसमर्थन के बीच संपन्न हुआ पदभार ग्रहण समारोह नवगठित ग्राम पंचायत में विकास की नई उम्मीदों का संदेश लेकर आया।

चित्तौड़गढ़ मार्बल लघु उद्योग संस्थान के निर्विरोध अध्यक्ष बने अशोक समदानी

मार्बल उद्योग की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर उनका समाधान करवाना रहेगी प्राथमिकता - अशोक समदानी

स्मार्ट हलचल



चित्तौड़गढ़। चित्तौड़गढ़ मार्बल लघु उद्योग संस्थान के अध्यक्ष पद पर अशोक समदानी को 1 नवंबर रविवार को आयोजित चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। संस्थान के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने एकमत होकर उनके नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। निर्विरोध निर्वाचन से मार्बल उद्योग जगत में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संस्थान नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा मार्बल व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों के हितों को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर संस्थान के वर्तमान अध्यक्ष नलिन पुंगलिया ने संस्थान की गतिविधियों, अब तक किए गए कार्यों तथा आगामी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्थान निरंतर मार्बल उद्योग से जुड़े व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं को लेकर प्रयासरत रहा है। उद्योग के विकास, व्यवसायियों के हितों की रक्षा तथा संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उद्योग की समस्याओं का समाधान करवाना पहली प्राथमिकता

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक समदानी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान ने जो विश्वास जताकर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसका पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि मार्बल उद्योग राजस्थान ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस उद्योग से हजारों व्यापारी, उद्यमी, श्रमिक एवं अन्य लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि मार्बल उद्योग वर्तमान में विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक, प्रशासनिक एवं नीतिगत समस्याओं का सामना कर रहा है। इन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर एकत्रित कर संबंधित विभागों, अधिकारियों एवं राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा, ताकि उनका व्यावहारिक एवं समयबद्ध समाधान करवाया जा सके। समदानी ने कहा कि उद्योग से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जाएगा। संस्थान का प्रयास रहेगा कि मार्बल उद्यमियों को व्यापार संचालन में अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े तथा उद्योग के विकास और विस्तार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हो।

सभी सदस्यों को साथ लेकर करेंगे संस्थान को मजबूत

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि संस्थान की मजबूती उसकी एकजुटता और सदस्यों की सहभागिता में निहित है। वे सभी सदस्यों के सुझावों एवं विचारों को महत्व देते हुए सामूहिक निर्णय और आपसी समन्वय के आधार पर कार्य करेंगे। उनका उद्देश्य संस्थान को अधिक सक्रिय, संगठित एवं प्रभावी बनाना रहेगा, जिससे चित्तौड़गढ़ के मार्बल उद्योग को नई दिशा और पहचान मिल सके। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मार्बल उद्योग से जुड़े प्रत्येक व्यापारी एवं उद्यमी की समस्या को संस्थान की समस्या मानकर उसके समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उद्योग के विकास, व्यापारिक सुविधाओं में सुधार और उद्यमियों के हितों को लेकर निरंतर पहल की जाएगी। इस अवसर पर राजेश ईनाणी, प्रहलाद भाराड़िया, भागचंद मुंदड़ा, मांगीलाल राठी, गोविंद गदिया, प्रहलाद पुंगलिया, नरेंद्र बल्दवा, मधुसूदन राठी, राजेश बिरला, जानकी लाल भंडारी, कैलाश तोषनीवाल, मनोहर तोषनीवाल, अरविंद बल्दवा, विपिन नाहर, पंकज बसेर सहित संस्थान के सदस्यगण एवं मार्बल उद्यमी उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक समदानी का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा सफल कार्यकाल की कामना की।

एक माह में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 754 वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल



सादुलपुर आगामी पंचायती राज चुनाव 2026 को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस थाना राजगढ़ द्वारा एक माह का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बढ़ती असामाजिक गतिविधियों, बदमाशों की गतिविधियों और असामाजिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाए। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू निश्चय प्रसाद एन. (आईपीएस) के कुशल मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ रिछपाल सिंह एवं वृताधिकारी राजगढ़ हरिसिंह बागावत के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। अभियान के तहत सेक्टर राजगढ़ के विभिन्न थानाधिकारियों द्वारा चुनाव में मतदाताओं पर प्रभाव डालने के लिए वाहनों से छेड़छाड़, आगे-पीछे गाटर लगाने, काली फिल्म का उपयोग करने तथा बिना नम्बरी वाहनों का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध शिकंजा कसा गया। अक्टूबर 2026 के दौरान की गई इस कार्रवाई में कुल 754 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान एवं जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 43 वाहन चालकों, बिना नम्बरी 85 वाहनों, काली फिल्म लगे 277 वाहनों और गाटर लगे 185 वाहनों पर कार्रवाई की गई। साथ ही, मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 207 के तहत कुल 199 वाहन जब्त किए गए। पुलिस की इस व्यापक और सख्त कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। इस सफल अभियान से आमजन में भी सुरक्षा का एक बहुत ही सकारात्मक संदेश गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से निरंतर अपील की जा रही है कि वे यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें और सदैव सुरक्षित रहें।

रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली में पुष्कर में एनएसयूआई के युवाओं गए

स्मार्ट हलचल



पुष्कर/ अजमेर/एनएसयूआई अध्यक्ष एवं युवा नेता मधुसूदन मैक्स पाराशर के नेतृत्व में युवाओं ने वोट बचाओ रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया । रैली में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों की बड़ी भागीदारी रही है । पुष्कर के युवाओं ने भी लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के संकल्प के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मधुसूदन मैक्स पाराशर ने कहा कि देश के कोने-कोने से आए लोगों का उत्साह यह दर्शाता है कि जनता अपने वोट के अधिकार को लेकर जागरूक हो चुकी है। लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। पाराशर ने कहा कि लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई में हर नागरिक की भागीदारी ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि देश में बहुत जल्द परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं की एकजुटता और जनता का बढ़ता उत्साह इस बात का संकेत है कि लोग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर सजग हो रहे हैं। रैली में मधुसूदन मैक्स पाराशर के साथ यूथ अध्यक्ष हेमंत गुर्जर, रमेश गुर्जर एवं शेरू गुर्जर सहित अन्य युवा भी मौजूद रहे। सभी ने रैली में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लोकतंत्र की मजबूती और वोट के अधिकार की रक्षा का संदेश दिया।

श्रमिक एकजुटता और संगठन विस्तार पर मंथन, भारतीय मजदूर संघ ने तय की आगामी कार्यक्रमों की रणनीति



स्मार्ट हलचल । अनिल खींची

ब्यावर । भारतीय मजदूर संघ जिला ब्यावर की मासिक बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष राजेंद्र भाटी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरुआत श्रमिक गीत और भारत माता के जयकारों के साथ हुई। जिला मंत्री दिलीप कुमार जागिड़ ने बताया कि बैठक में आगामी 14 एवं 15 नवंबर को होने वाली प्रदेश कार्यसमिति बैठक तथा 12 दिसंबर को प्रस्तावित स्वदेशी जागरण एवं राजस्थान प्रदेश अधिवेशन की तैयारियों पर चर्चा की गई। इन आयोजनों को सफल बनाने के लिए इकाई एवं तहसील स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई। साथ ही संगठन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा श्रमिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर भी विचार किया गया। बैठक में श्री सीमेंट, अंबुजा सीमेंट, बांगड़ सीमेंट एवं विद्युत क्षेत्र से जुड़े पदाधिकारियों ने भागीदारी निभाई। इस अवसर पर संभाग सह संगठन मंत्री दिलीप टांक, जिला मंत्री दिलीप कुमार जांगिड़, सीमेंट महासंघ महामंत्री शंकर सिंह लगेत, विधि सलाहकार दिलीप सेन, ब्यावर तहसील अध्यक्ष मन्नाराम चौधरी, छगनदान चारण, कोषाध्यक्ष सोहन सिंह, राजेंद्र कुमार चौहान, जैतारण तहसील अध्यक्ष सरदार अली, रायपुर तहसील अध्यक्ष रवि राज सिंह, हितेंद्र शर्मा, सत्येंद्र कुमार सिंह एवं प्रदीप भाटी सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सांगोद में किराड़ समाज द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन के बाद आज समाज की साधारण बैठक आयोजित की गई।

स्मार्ट हलचल



सांगोद 1नवम्बर को बैठक में पूर्व कार्यकारिणी अध्यक्ष सत्यनारायण जी मेहता एवं कोषाध्यक्ष रविन्द्र जी मेहता सहित नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अध्यक्ष मथुरा लाल मेहता एवं कोषाध्यक्ष परमानंद मेहता समेत समाज के समस्त पंच मंदिर परिसर में पहुंचे और बैठक में भाग लिया। इस दौरान पूर्व कार्यकारिणी द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को समाज का लेखा-जोखा एवं आय-व्यय का विवरण सौंपा गया। जो हर माह कि 1एवं 15 तारीख की मिटीगं का निर्णय लिया गया इसके साथ ही नई कार्यकारिणी ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। बैठक में हाल ही में निर्वाचित सरपंचों को समाला एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए समाज के विकास, एकता और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। समाज की एकजुटता और नई जिम्मेदारियों के साथ बैठक का समापन हुआ।

चूल्हा जलाए बिना नन्हे शेफ ने घोली मिठास, हुनर देख निर्णायक भी हुए प्रभावित

'पाठशाला से पाकशाला' प्रतियोगिता में बच्चों ने बनाई सात्विक जैन मिठाइयां, जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतिभाओं को मिला सम्मान

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर। बच्चों के हाथों में जब हुनर और कल्पनाशीलता का संगम हुआ तो बिना चूल्हा जलाए ही मिठास से भरी स्वादिष्ट मिठाइयां तैयार हो गईं। मौका था श्री विद्यासागर पाठशाला की ओर से आयोजित 'पाठशाला से पाकशाला' प्रतियोगिता का, जिसमें नन्हे प्रतिभागियों ने अपनी पाक कला, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार परिचय दिया। श्री दिगंबर जैन पंचायत के अधीन एवं श्री दिगंबर जैन युवा मंडल द्वारा संचालित पाठशाला की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बिना गैस या आग का उपयोग किए विभिन्न प्रकार की सात्विक जैन मिठाइयां बनाईं। बच्चों ने मिठाइयों की आकर्षक सजावट और शानदार प्रस्तुति से सभी का ध्यान खींचा। प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर दो वर्गों में आयोजित की गई। निर्णायक की भूमिका संध्या फागीवाला एवं मिथिलेश गंगवाल ने निभाई। जूनियर वर्ग में सना बड़जात्या ने प्रथम, नविका छाबड़ा ने द्वितीय तथा मोहंश जैन एवं धरा अजमेरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में वंशिका जैन प्रथम, झलक बड़जात्या द्वितीय तथा निहित बड़जात्या एवं मानवी गदिया तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षिकाओं भारती जैन, कोपल फागीवाला, मनीषा गोधा, ज्योति बड़जात्या, पूजा जैन, सविता पाटनी, सुरेखा जैन, बबीता जैन एवं रेणुका जैन ने व्यवस्थाएं संभालीं। आयोजन में राजकुमार एवं चंदा देवी तथा यशोधर एवं अमानी पहाड़िया परिवार का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक ज्ञान देना, उनकी छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा आत्मविश्वास बढ़ाना है। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने साबित किया कि प्रतिभा को निखारने के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि उत्साह और कल्पनाशीलता की जरूरत होती है।

सदगुरु कबीर चरितम कथा के समापन पर उमड़ा जनसैलाब

आचार्य पंत श्री हुजूर अर्धनाम साहेब के सानिध्य में आनंदी चौका आरती; महाप्रसादी में दिया भोजन व्यर्थ न छोड़ने का संदेश

स्मार्ट हलचल



उदयपुर। सुहालका भवन में पिछले सात दिनों से चल रही सद्गुरु कबीर चरितम कथा का समापन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। काशी के कथाकार धर्माधिकारी सुधाकर साहेब ने मधुर वाणी और संगीतमय शैली में कथा का वाचन किया। अंतिम दिन बड़ी संख्या में कबीरपंथी श्रद्धालु पहुंचे। भीड़ के चलते कथा स्थल का पंडाल छोटा पड़ गया। आयोजक व्यवस्थाएं संभालने में जुटे रहे। आचार्य पंत श्री हुजूर अर्धनाम साहेब के आगमन पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। फूलों से रंगोली बनाई गई और पुष्पवर्षा के साथ आरती की गई। हुजूर साहेब के पंडाल में पहुंचने पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया। रामप्रसाद सुहालका, वालचंद सुहालका, भंवरलाल सुहालका, कैलाश प्रजापत और भगवती लाल चौधरी के परिवारों ने चरण वंदन कर दक्षिणा भेंट की। श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से दर्शन किए। आचार्य पंत श्री हुजूर अर्धनाम साहेब के करकमलों से आनंदी चौका आरती का आयोजन हुआ। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति संगीत के साथ नृत्य-गान किया। कबीरपंथी पुरुष श्वेत वस्त्रों में और महिलाएं फागणिया परिधान में नजर आईं। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और स्वच्छता का ध्यान रखा गया। भेरूलाल भोई और उनकी टीम ने महाप्रसादी की व्यवस्था संभाली। भोजन के दौरान 'इतना ही लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में' का संदेश दिया गया। श्रद्धालुओं ने भोजन व्यर्थ न छोड़ने का संकल्प भी प्रदर्शित किया। आयोजकों ने कहा कि भोजन की बर्बादी रोककर जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने में योगदान दिया जा सकता है। आयोजन ने भक्ति के साथ अहंकार, आडंबर और दिखावे से दूर रहने, स्वच्छता बनाए रखने तथा भोजन का सम्मान करने की सीख दी।

आश्रम से जेल तक पहुंची मानवाधिकार आयोग की निगरानी, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

विशेष मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने आवासियों और बंदियों से किया सीधा संवाद, सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल । अनिल खींची



ब्यावर । राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली के विशेष मॉनिटर (बाल अधिकार एवं वरिष्ठ नागरिक) बालकृष्ण गोयल ने रविवार को ब्यावर के स्वयंसिद्धा आश्रम एवं जिला कारागृह का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की हकीकत जानी। उन्होंने आवासियों और बंदियों से सीधे संवाद कर भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं रहन-सहन सहित उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। गोयल ने स्वयंसिद्धा आश्रम में निवासरत आवासियों से बातचीत कर उनकी दिनचर्या, भोजन एवं रहने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आश्रम की सुविधाओं और संचालन व्यवस्था का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। साथ ही संस्था के संचालन एवं सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद विशेष मॉनिटर ने जिला कारागृह पहुंचकर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता और रहन-सहन की व्यवस्थाओं को परखा। बंदियों से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुविधाओं को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कारागृह में बंदियों के मानवाधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करने के साथ व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी विशाल सिंह सोलंकी सहित संबंधित अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि स्वयंसिद्धा आश्रम का संचालन राजस्थान पर्यावरण विकास एवं शोध संस्थान, अजमेर द्वारा किया जा रहा है।

पुष्कर सरोवर की स्वच्छता के लिए आमजन से लेकर विदेशी पर्यटक भी पीछे नहीं, हाथों में ली झाड़ू

कार्तिक मास में सरोवर की सेवा सबसे बड़ा पुण्य - बाकोलिया

स्मार्ट हलचल



पुष्कर/ अजमेर नगर परिषद सभापति राजेंद्र बाकोलिया की पहल पर हर रविवार को चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत इस रविवार को अन्नदाता पुष्कर सरोवर के कृष्ण घाट और गुर्जर घाट पर स्वच्छता सेवा श्रमदान किया गया। कार्तिक के पवित्र महीने में अन्नदाता सरोवर की सफाई के लिए आमजन से लेकर विदेशी पर्यटक भी पीछे नहीं रहे। हाथों में झाड़ू लेकर सभी ने घाटों से कचरा-प्लास्टिक हटाया और धर्म लाभ अर्जित किया। होटल एसोसिएशन, प्रेस क्लब पुष्कर, तीर्थ पुरोहितों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी श्रमदान किया। सभापति बाकोलिया ने कहा कि पुष्कर सरोवर हमारी आस्था के साथ रोजी-रोटी का आधार भी है। कार्तिक मास में इसकी सेवा सबसे बड़ा पुण्य है। विदेशी मेहमानों का झाड़ू उठाकर सफाई में जुटना हम सबके लिए प्रेरणादायी है। प्रेस क्लब अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि सरोवर की पवित्रता और शहर की स्वच्छता के हर सेवा कार्य में प्रेस क्लब कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करता रहेगा।

राणा नरेशकुमार बने राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष

राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार के निर्देशन में राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने की नियुक्ति, गुजरात में संगठन विस्तार और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए निभाएंगे अहम भूमिका

स्मार्ट हलचल



अहमदाबाद। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुजरात प्रदेश में नई नियुक्ति की है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार के निर्देशन में राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने राणा नरेशकुमार कनैयालाल को गुजरात प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति से गुजरात में संगठन को नई मजबूती मिलने और आदिवासी समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की उम्मीद जताई जा रही है। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच देशभर में आदिवासी समाज को संगठित करने, समाज के अधिकारों की रक्षा करने और विभिन्न राज्यों में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रहा है। मंच का उद्देश्य आदिवासी समाज की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाना, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना तथा समाज के लोगों को एकजुट कर विकास की मुख्यधारा में भागीदारी सुनिश्चित करना है।

गुजरात में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी

राणा नरेशकुमार कनैयालाल को गुजरात प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने के साथ ही प्रदेश में संगठन के विस्तार की दिशा में नई पहल शुरू होगी। उनके नेतृत्व में गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों में आदिवासी समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने, सामाजिक गतिविधियों को गति देने तथा समाज के हितों से जुड़े विषयों पर सक्रियता बढ़ाने की अपेक्षा है। गुजरात में आदिवासी समाज की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक परिस्थितियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राणा नरेशकुमार को संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और समाज के लोगों के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में देशभर में विस्तार

राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार के नेतृत्व में संगठन विभिन्न राज्यों में अपनी इकाइयों को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा संगठनात्मक विस्तार और विभिन्न प्रदेशों में नई नियुक्तियों के माध्यम से मंच को व्यापक स्वरूप देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संगठन का मानना है कि प्रदेश स्तर पर मजबूत नेतृत्व मिलने से आदिवासी समाज की स्थानीय समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। साथ ही विभिन्न राज्यों में कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठन के पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा।

आदिवासी समाज के अधिकारों और विकास पर रहेगा जोर

राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच का प्रमुख उद्देश्य आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक सम्मान, शिक्षा, रोजगार और विकास से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाना है। संगठन समाज के लोगों को जागरूक करने के साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित संस्थाओं और प्रशासनिक स्तर पर प्रयास करने की दिशा में कार्य करता है। गुजरात प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राणा नरेशकुमार कनैयालाल से भी संगठन को उम्मीद है कि वे प्रदेश में आदिवासी समाज के हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे। उनकी नियुक्ति को गुजरात में राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत बनाने, समाज के लोगों को एकजुट करने और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए प्रभावी कार्य करेंगे। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच की ओर से गुजरात प्रदेश में नई जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और समाज के अधिकाधिक लोगों को मंच से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए जाने की उम्मीद है।

13 घंटे चले रेस्क्यू के बाद भी प्रशासन खाली हाथ, परिजनों ने जान जोखिम में डालकर निकाला शव

रात 10 बजे पुलिस-राजस्व टीम के लौटने का आरोप, चचेरे भाई और फूफा ने कुएं में उतरकर आधी रात को खोजा शव; 35 साल से खुला पड़ा था कुआं

स्मार्ट हलचल



खखरेरू/फतेहपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 सरोजिनी नगर में खुले कुएं में गिरे 10 वर्षीय रेहान की मौत ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। करीब 13 घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बावजूद जब पुलिस, राजस्व और स्थानीय स्तर पर जुटी टीमें बच्चे को बाहर निकालने में सफल नहीं हो सकीं तो आखिरकार परिजनों ने खुद मोर्चा संभाला। रात करीब 11 बजे रेहान का चचेरा भाई नौशाद और उसके फूफा नियाज अहमद कुएं में उतरे और एक घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद आधी रात को उसका शव बाहर निकाल लिया। इस दौरान सबसे बड़ा सवाल यह रहा कि जब परिजन अपनी जान जोखिम में डालकर रेस्क्यू कर रहे थे, तब मौके पर जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी मौजूद क्यों नहीं थे शनिवार दोपहर करीब 12 बजे साबिर अली का 10 वर्षीय बेटा रेहान बारिश के कारण पैर फिसलने से लगभग 80 फीट गहरे कुएं में गिर गया था। कुएं में करीब 30 से 35 फीट पानी भरा होने के कारण बचाव अभियान में लगातार बाधाएं आती रहीं। सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम स्थानीय गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची। नगर पंचायत प्रशासन की मदद से कुएं में समरसेबल पंप भी लगाए गए, लेकिन कई घंटे तक पानी निकालने और तलाश करने के बावजूद सफलता नहीं मिली।

अंतिम समय में परिजनों ने संभाली कमान

लगातार प्रयासों के बाद भी बच्चे का पता नहीं चलने और हल्की बूंदाबांदी के बीच बचाव अभियान प्रभावित होता रहा। इसी दौरान कौशांबी जनपद के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र निवासी नियाज अहमद और रेहान के चचेरे भाई नौशाद ने कुएं में उतरने का फैसला किया। रात करीब 11 बजे दोनों कुएं में उतरे और पानी के अंदर काफी देर तक तलाश की। एक घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद रेहान का शव खोज निकाला गया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। देर रात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रात 10 बजे टीम के लौटने पर उठे सवाल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात 10 बजे के बाद पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके से लौट गई थी। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल सुनील कुमार ने बताया कि तेज बारिश के कारण रात करीब 10 बजे वह लोग रेस्क्यू स्थल से वापस लौट आए थे। ऐसे में सवाल उठता है कि जब परिजन रात 11 बजे से कुएं में उतरकर तलाश कर रहे थे तो उस दौरान बचाव अभियान किसकी निगरानी में चल रहा था? यदि इस दौरान कोई अप्रिय घटना हो जाती तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता?

35 साल से खुला पड़ा था मौत का कुआं

बताया जाता है कि लाल मियां का यह कुआं करीब 35 वर्षों से बस्ती से महज 500 मीटर की दूरी पर खुला पड़ा था। न तो कुआं मालिक ने इसे ढकवाने की जहमत उठाई और न ही जिम्मेदार विभागों ने इसे सुरक्षित कराने की पहल की। क्षेत्रीय लेखपाल सुनील कुमार ने बताया कि उन्होंने मौखिक रूप से नगर पंचायत प्रशासन को खुले कुएं के संबंध में जानकारी दी थी। इसके बावजूद कुएं को ढकवाने या सुरक्षा के इंतजाम करने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। अब सवाल है कि सूचना के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई और आखिर इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी तय होगी?

मां की उम्मीद टूटी, पिता की आंखों से छलके आंसू

रेहान की मां मदीना बेगम ने बताया कि शनिवार सुबह करीब आठ बजे रेहान घर से यह कहकर निकला था कि वह स्कूल खुला है या बंद, इसकी जानकारी करने जा रहा है। उसकी अर्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही थीं। करीब 11 बजे परिवार को उसके कुएं में गिरने की सूचना मिली। इसके बाद से मां और बड़ा भाई कैयान लगातार घटनास्थल पर मौजूद रहे। बेटे की मौत के बाद मां बेसुध हो गई। आसपास की महिलाएं उसे ढांढस बंधाती रहीं, वहीं बीमारी के चलते कमजोर पिता साबिर अली बेटे को खोने के गम में आंसू बहाते रहे।

बड़ा सवाल : आखिर किसकी जवाबदेही तय होगी?

करीब 35 साल से खुला पड़ा कुआं, प्रशासन को कथित मौखिक सूचना और हादसे के बाद घंटों चला रेस्क्यू अभियान। इन सबके बीच अंतिम समय में परिजनों को खुद कुएं में उतरना पड़ा। यह घटना केवल एक मासूम की मौत नहीं, बल्कि खुले पड़े खतरनाक कुओं की सुरक्षा और आपातकालीन बचाव व्यवस्था की भी गंभीर परीक्षा है। सवाल यह है कि क्या इस हादसे के बाद जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी या फिर यह मामला भी जांच और आश्वासनों तक ही सीमित रह जाएगा?

पूरे घटनाक्रम के संबंध में थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि बारिश और कुआं में पानी अधिक होने के कारण रात लगभग 9:00 बजे रेस्क्यू अभियान रोक दिया गया था सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी हालांकि पर जनों द्वारा कुएं में उतर कर रेहान का सब निकालना और उस दौरान मौके पर पुलिस कर्मियों की भूमिका को लेकर पूछे गए सवालों पर थाना अध्यक्ष स्पष्ट जानकारी देने से बसे नजर आए

एडवोकेट हरिकृष्णन बने राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के तमिलनाडु प्रदेश उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल



नई दिल्ली। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए एडवोकेट हरिकृष्णन (PhD) को तमिलनाडु प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। हरिकृष्णन वर्तमान में तमिलनाडु एसटी मोर्चा में प्रदेश सचिव (State Secretary, ST Morcha Tamil Nadu) के पद पर भी कार्यरत हैं। राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यशवंत सिंह दरबार के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देश पर राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने उनकी नियुक्ति का आधिकारिक पत्र जारी किया। संगठन की ओर से जारी नियुक्ति के अनुसार हरिकृष्णन तमिलनाडु में आदिवासी समाज को संगठित करने, समाज के संवैधानिक अधिकारों की पैरवी करने तथा शिक्षा, सामाजिक उत्थान और युवाओं के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने की जिम्मेदारी निभाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह दरबार ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव, कानूनी समझ और सामाजिक सक्रियता से संगठन को तमिलनाडु में नई मजबूती मिलेगी। वहीं राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने कहा कि राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच देशभर में संगठन का विस्तार कर रहा है। संगठन का उद्देश्य आदिवासी समाज को एक मंच पर लाकर शिक्षा, अधिकार, सामाजिक न्याय और विकास के लिए संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से कार्य करना है। नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एडवोकेट हरिकृष्णन को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

न्यूज ब्रीफ

पूर्व अनुमोदित योजनाओं में एचटी लाइन हटने पर प्रभावित भूखंडों का अनुमोदन एवं पट्टा जारी करने की कार्यवाही जोन स्तर पर

आमजन के व्यापक हितार्थ जेडीए ने जारी किए आदेश

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने आमजन की सुविधा एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लेते हुए उन भूखंडों के अनुमोदन एवं पट्टा जारी करने की प्रक्रिया को सरल बना दिया है, जिन पर पूर्व में हाईटेंशन (एचटी) विद्युत लाइन होने के कारण पट्टा जारी नहीं हो पा रहा था, लेकिन वर्तमान में मौके से एचटी लाइन हटाई जा चुकी है। जेडीए की दिनांक 18 अगस्त, 2026 को आयोजित भवन मानचित्र समिति की 437वीं बैठक में इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत ऐसे प्रकरणों में, जहां मौके से एचटी लाइन हटाई जा चुकी है।

राजस्थान की विकास योजनाओं पर केंद्र से चर्चा करेंगे मुख्य सचिव

दिल्ली के दो दिवसीय दौरे में 17 से अधिक बैठकें प्रस्तावित

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की विकास योजनाओं को गति देने और केंद्र सरकार के साथ समन्वय मजबूत करने के लिए मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास 2 एवं 3 नवंबर को नई दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 17 से अधिक बैठकों में भाग लेकर राजस्थान की प्रमुख योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं प्रशासनिक सुधारों से जुड़े विषय रखेंगे। श्रीनिवास 2 नवंबर को गृह कार्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति से मुलाकात करेंगे। दो दिवसीय दौरे में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनकी बैठकें प्रस्तावित हैं। इन बैठकों में डिरेगुलेशन एवं कंप्लायंस रिडक्शन पर भी चर्चा होगी। इसके तहत नियमों और प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा अनुपालन का बोझ कम करने से जुड़े सुधारों पर केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी।

डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शिक्षक मोती सिंह नाथावत के सेवानिवृत्ति समारोह में की शिरकत


सफल सेवाकाल की दी बधाई, शिक्षा और समाजसेवा में योगदान को सराहा

जयपुर। प्रेमपुरा स्थित राजकीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं समाजसेवी मोती सिंह नाथावत के सेवानिवृत्ति समारोह में हजारों ग्रामीणों ने पहुंचकर उनका सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सांवली पहुंचकर उन्हें सफल सेवाकाल की बधाई दी और स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं दीं।



नेतन्याहू को हटाने के लिए विपक्ष से बातचीत

इजराइल में आइजनकोट ने गठबंधन की 4 शर्तें रखीं:हरेदी समुदाय को भी सैन्य सेवा देनी होगी



तेल अवीव(एजेंसी)। इजराइल में विपक्षी नेता गादी आइजनकोट ने नई सरकार बनाने के लिए 4 शर्तें रखी हैं। इजराइली मीडिया वायनेट के मुताबिक, इनमें हरेदी समुदाय को सैन्य सेवा देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा इजराइल को यहूदी और लोकतांत्रिक देश बनाए रखना और गाजा से हमास का शासन खत्म करना शामिल है। आइजनकोट ने कहा कि इन शर्तों को मानने वाले दलों के लिए गठबंधन में शामिल होने का रास्ता खुला है। दरअसल, 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में किसी भी गठबंधन को बहुमत नहीं मिला। 120 सीटों वाली संसद में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें जरूरी हैं। आइजनकोट की पार्टी याशार 21 सीटें जीतकर विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। वे प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सत्ता से हटाने के लिए अलग-अलग दलों के नेताओं से बातचीत कर रहे हैं।

पहली शर्त- इजराइल यहूदी और लोकतांत्रिक देश बना रहे

आइजनकोट चाहते हैं कि इजराइल की पहचान यहूदी और लोकतांत्रिक देश के रूप में बनी रहे। सरकार सभी नागरिकों को बराबर अधिकार दे और धर्म या समुदाय के आधार पर किसी से भेदभाव न करे। यानी देश में हर नागरिक की आजादी और अधिकारों का सम्मान हो। इजराइल के हर नागरिक को सेना, राष्ट्रीय या नागरिक सेवा करनी जरूरी हो। यानी देश की सेवा की जिम्मेदारी सभी नागरिकों की हो।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक

मुख्य सचिव ने दिये आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल के रूप में विकसित करने के दिए निर्देश





जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जयपुर के गांधीनगर स्थित समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशालय में पोषण 2.0 तथा आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों की मुख्य गतिविधियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभाग की ओर से सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग एवं निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया गया।

मुख्य सचिव ने ली आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की जानकारी एवं अधिकारियों को दिए नियमित भ्रमण के निर्देश

मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ी पर शाला पूर्व शिक्षा की दैनिक समय सारणी पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य सचिव द्वारा उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र पर प्रतिदिन बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा एवं देखभाल गतिविधियो का संचालन, अल्पाहार एवं गर्म पका हुआ भोजन, पोषण ट्रैकर पर गतिविधियों को अपडेट करने इत्यादि कार्यो के साथ साथ प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना एवं मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का पंजीकरण, बच्चों के विकास की निगरानी, परिवार सर्वेक्षण कार्य तथा प्रतिदिन लक्षित गृह भ्रमण के बारे में अवगत कराया गया । बैठक में बताया गया कि मासिक गतिविधियों के अंतर्गत महीने में 2 बार समुदाय आधारित कार्यक्रम, महीने में एक बार MCHN दिवस, आंगनबाड़ी प्रबंधन समिति (AMC) एवं कार्यकर्ता-अभिभावक बैठक का आयोजन किया जाता हैं। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन संचालन समय मे 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए सत्रवार शाला पूर्व शिक्षा की विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती है। मुख्य सचिव ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल के रूप में विकसित किये जाने हेतु दिशा निर्देश दिए।



बुर्का पहनकर चोरी, ऑनलाइन ट्रेनिंग ली: हैदराबाद में महिला गिरफ्तार

रु.70 लाख का सामान बरामद, पति से छिपाकर करती थी वारदात

हैदराबाद(एजेंसी)। हैदराबाद में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने 25 साल की महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पगा जया के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, वह चोरी के 5 मामलों में शामिल थी। पुलिस ने उसके पास से सोने-चांदी के गहने, नकदी और आईफोन 17 समेत करीब 70 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। जया ऑनलाइन वीडियो देखकर घरों के ताले तोड़ने और चोरी करने के तरीके सीखती थी। इसके बाद वह अपने पति को बताए बिना चोरी की योजना बनाती थी।



राजस्थान के 7 पुलिस-अफसरों को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक

6 आईपीएस और एक आरपीएस अधिकारी का चयन,सभी को बेस्ट अनुसंधान श्रेणी में मिलेगा सम्मान

जयपुर। अपराधों की सटीक, निष्पक्ष और गहन जांच में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजस्थान के सात पुलिस अधिकारियों को साल-2026 का केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक मिलेगा। इनमें राजस्थान कैडर के 6 आईपीएस और एक आरपीएस अधिकारी शामिल हैं। सभी का चयन बेस्ट अनुसंधान श्रेणी में किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से घोषित इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए देशभर के कुल 490 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों का चयन किया गया है।

सरपंच चुनाव में 150 बैलेट पेपर चोरी मामला, 2 नवंबर को होने वाला पुनर्मतदान स्थगित



नए सिरे से जारी होगी तारीख

जोधपुर(वि.सं.)। बिलाड़ा पंचायत समिति की भावी ग्राम पंचायत में सरपंच चुनाव के दौरान 150 बैलेट पेपर चोरी होने के मामले में प्रशासन ने पुनर्मतदान को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सोमवार, 2 नवंबर को प्रस्तावित पुनर्मतदान स्थगित कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर आलोक रंजन ने यह निर्णय क्षेत्र में बनी तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए लिया है। पुनर्मतदान की नई तारीख अलग से घोषित की जाएगी। भावी ग्राम पंचायत में 30 अक्टूबर को सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए मतदान के दौरान बूथ संख्या 12 से करीब 150 बैलेट पेपर गायब हो गए थे। इस घटना के बाद मतदान केंद्र पर हंगामा शुरू हो गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण विरोध में धरने पर बैठ गए। मामला बढ़ने पर मतदान प्रक्रिया भी प्रभावित हुई। निर्वाचन प्रक्रिया की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने भावी ग्राम पंचायत का चुनाव निरस्त कर सभी सात मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने का निर्णय लिया था। इसके लिए 2 नवंबर की तारीख तय की गई थी। पुनर्मतदान स्थगित करने के पीछे क्षेत्र में बिगड़ी कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रमुख वजह बताई जा रही है। बैलेट पेपर चोरी प्रकरण को लेकर बिलाड़ा थाने पर पथराव की घटना हुई थी। हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।

आरोपी गिरफ्तार

गहने-कैश लूट मामले का जामडोली थाना पुलिस ने रविवार को खुलासा किया

जयपुर में ज्वेलर्स ब्रदर्स से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

बचाने आई महिला को मारी थी गोली; भागते समय दोनों बदमाशों के पैर टूटे

जयपुर। जयपुर में ज्वेलर्स ब्रदर्स पर कातिलाना हमला कर गहने-कैश लूट मामले का जामडोली थाना पुलिस ने रविवार को खुलासा किया है। पुलिस ने लूट मामले में दो अव्वल दर्जे के बदमाशों को अरेस्ट किया है। पुलिस के पीछा करने पर भागते समय दोनों बदमाशों के एक-एक पैर टूट गए। घायल बदमाशों का इलाज करवाने के बाद पुलिस ने उन्हें अरेस्ट किया है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी रंजीता शर्मा ने बताया- लूट



मामले में आरोपी मनीष कश्यप (20) निवासी कोतवाली सवाई माधोपुर हाल श्रीराम विहार कॉलोनी मांगियावास नारायण विहार और गुमान सिंह (24) निवासी रोसी नादौती करौली हाल गोनेर शिवदासपुरा को अरेस्ट किया। पुलिस ने दोनों बदमाशों को पीछा कर करौली के महावीरजी इलाके से पकड़ा है। पुलिस टीम को देखकर भागते समय दोनों बदमाश गड्ढे में गिर गए। जिससे दोनों के एक-एक पैर फ्रेक्चर हो गया। पुलिस ने पकड़े दोनों बदमाशों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। इलाज के बाद दोनों बदमाशों को अरेस्ट किया गया। पुलिस की ओर से उनके फरार तीन साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। इसके साथ ही लूट का माल व वारदात में यूज पिस्टल व बाइकर्स की बरामदगी के भी प्रयास किए जा रहे है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

कातिलाना हमला कर गहने-कैश था लूटा

जामडोली इलाके में ज्वेलर्स सोनू कुमार स्वर्णकार (40) की ज्वैलरी शॉप है। 28 अक्टूबर की रात करीब 8:15 बजे दुकान बंद कर वह अपने भाई के साथ स्कूटी से घर जा रहा था। दुकान से करीब 100 मीटर दूर दो बाइक पर पांच लड़के आए। ज्वेलर्स ब्रदर्स पर लोहे के पाइप से हमला कर पिस्टल से फायरिंग करते हुए चांदी के गहने व कैश लूट लिया। इस दौरान बचाने आई एक महिला पर बदमाशों ने फायर किया। जिसके चलते उस महिला के पैर में गोली लगने पर घायल हो गई।

संक्षिप्त समाचार

होर्मुज में 27 भारतीयों वाले जहाज पर हमला :इंजन रूम में आग लगी

होर्मुज, एजेंसी। होर्मुज में शुक्रवार को 27 भारतीय क्रू सदस्यों वाले तेल टैंकर एमटी लुईस 1 पर हमला हुआ। पनामा के झंडे वाले इस टैंकर पर दो लिम्पेट माइंस लगाई गई थीं। धमाके की वजह से इंजन रूम में आग लग गई और जहाज कुछ समय के लिए बंद हो गया। लेकिन क्रू ने आग बुझा दी। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बताया कि सभी नाविक सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं लगी है। रॉयटर्स के मुताबिक, फरवरी में अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद होर्मुज में पहली बार लिम्पेट माइंस से हमला हुआ है। ब्रिटिश समुद्री एजेंसी यूकेएमटीओ के मुताबिक, जहाज पर हमला ओमान के खासाब शहर से करीब 46 किलोमीटर दूर हुआ। इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक, 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने के बाद से 27 अक्टूबर तक होर्मुज और उसके आसपास 120 समुद्री घटनाएं हुईं। इनमें व्यापारिक जहाजों पर हमले भी शामिल हैं। अमेरिका और इजराइल 3 नवंबर को होने वाले अमेरिकी मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर फिर हमला कर सकते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, दोनों देश तेज सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। इसमें ईरान के तेल-गैस ठिकानों, परमाणु केंद्रों और मिसाइलों-ड्रोन के ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है।

सऊदी अरब में मिसाइल-ड्रोन हमलों के बीच अमेरिकी मिशन ने जारी की एक और एडवाइजरी

वाशिंगटन/रियाद, एजेंसी। सऊदी अरब में अहम ठिकानों पर हो रहे हमलों के मद्देनजर रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने मिशनों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। दूतावास ने सभी गैर-आपातकालीन अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों और कर्मचारियों के परिवारों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। 30 अक्टूबर को अमेरिकी मिशन की ओर से जारी सुरक्षा चेतावनी में कहा गया है कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही सऊदी अरब के खिलाफ हमलों और शत्रुतापूर्ण गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इन हमलों में नागरिक हवाई अड्डों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया है। इनके कारण आम नागरिकों की मौत और यात्रा व्यवस्था में गंभीर व्यवधान की घटनाएं हुई हैं। अमेरिकी मिशन ने आशंका जताई है कि मौजूदा शत्रुता तेजी से बढ़ सकती है और इसका प्रभाव संबंधित क्षेत्र से आगे भी फैल सकता है। एडवाइजरी के मुताबिक, सऊदी अरब में तैनात अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों को हाल में हवाई अड्डों पर हुए मिसाइल और मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) के हमलों के बाद देश के किसी भी हवाई अड्डे का इस्तेमाल करने के लिए मिशन प्रमुख से विशेष अनुमति लेनी होगी। यूएस ने अपने नागरिकों को आगाह किया है कि सऊदी अरब के हवाई अड्डों पर हमले, हवाई क्षेत्र बंद होने, उड़ानें रद्द होने और यात्रा में व्यवधान की आशंका बनी हुई है। अमेरिकी मिशन ने नागरिकों को सलाह दी है कि यदि वे सऊदी अरब के हवाई अड्डों का इस्तेमाल करने का फैसला करते हैं तो अत्यधिक सावधानी बरतें। साथ ही यात्रा से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जानकारी सीधे संबंधित एयरलाइन और हवाई अड्डे से प्राप्त करें। 10 अक्टूबर और फिर 25 अक्टूबर को रियाद स्थित किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट समेत विभिन्न ऊर्जा ठिकानों पर हमले किए गए थे। इसके बाद से कई बार अमेरिका अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी करता रहा है।

भारत-नेपाल सीमा पर सीसीटीवी ड्रोन और स्कैनर से होगी निगरानी, अवैध आवाजाही पर लगेगी रोक

काठमांडू, एजेंसी। भारत और नेपाल ने अपनी खुली सीमा की सुरक्षा मजबूत करने और निगरानी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से लैस करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने सीमा पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर सामान की जांच के लिए स्कैनर और मेटल डिटेक्टर लगाने तथा निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ाने पर चर्चा की। शुक्रवार को दोनों देशों के सशस्त्र बलों की 10वीं समन्वय बैठक के समापन पर ये फैसले किए गए।प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर सामान की जांच के लिए स्कैनर और मेटल डिटेक्टर भी लगाए जाएंगे। निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के महानिरीक्षक नारायण दत्त पौडेल ने इसमें हिस्सा लिया। भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक संजय सिंघल ने भी बैठक में भाग लिया। यह बैठक बुधवार को काठमांडू स्थित एपीएफ मुख्यालय में शुरू हुई थी।

यूएन महासचिव की दौड़ में रेबेका ग्रिन्सपैन सबसे आगे, यूएई की लाना नुसीबेह नहीं बना सकीं बढ़त

न्यूयॉर्क, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की प्रमुख रेबेका ग्रिन्सपैन संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव बनने की दौड़ में अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों के बीच हुए सातवें अनौपचारिक मतदान में उन्हें पिछले दौर के मुकाबले दो अधिक सकारात्मक वोट मिले। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की विदेश मामलों की राज्य मंत्री लाना नुसीबेह अपनी पहली ही परीक्षा में कोई खास बढ़त हासिल नहीं कर सकीं। कोस्टा रिका की ग्रिन्सपैन को इस मतदान में 11 वोट मिले, जबकि उनके खिलाफ वोटों की संख्या घटकर चार रह गई। पिछले मतदान में उनके पक्ष में नौ और विरोध में पांच वोट मिले थे। इस तरह उन्होंने अपनी स्थिति में कुछ सुधार किया है और अब भी इस दौड़ में सबसे आगे हैं। सात दौर के मतदान में से छह में वह शीर्ष पर रही हैं। हालांकि, इस बार के मतदान में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि ग्रिन्सपैन के खिलाफ पड़े चार वोटों में से कोई स्थायी सदस्य देश का था या नहीं। इसकी वजह यह है कि छठे दौर के विपरीत इस बार मतपत्रों को अलग-अलग रंगों से चिह्नित नहीं किया गया था। पिछले दौर में ग्रिन्सपैन के खिलाफ पांच नवोट मिले थे, जिनमें दो सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों के थे। स्थायी सदस्य का विरोध किसी भी उम्मीदवार की राह में



बड़ी बाधा बन सकता है।

इस बीच, यूएई की ओर से पिछले सप्ताह उम्मीदवार घोषित की गईं लाना नुसीबेह को पहली बार हुए मतदान में सात वोट मिले थे, जबकि उनके खिलाफ छह मत पड़े और दो तटस्थ वोट डाले गए थे। वह कुल उम्मीदवारों में चौथे स्थान पर रहीं। उनसे आगे अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख और अर्जेंटीना के राफेल ग्रॉसी दूसरे स्थान पर तथा गुयाना की पूर्व विदेश मंत्री कैरोलिन रोड्रिग्स-बिर्केट तीसरे स्थान पर रहीं।

ग्रॉसी के पक्ष में नौ, विरोध में चार और दो तटस्थ वोट मिले, जबकि रोड्रिग्स-बिर्केट को आठ सकारात्मक (पक्ष), छह नकारात्मक (विरुद्ध) और एक तटस्थ वोट मिला। मतदान की इस प्रक्रिया में सुरक्षा परिषद के सदस्य तीन तरह से अपनी राय देते हैं। वे 'प्रोत्साहित' (एन्करेज), 'हतोत्साहित' (डिस्करेज) और 'कोई राय नहीं' (नो ओपिनियन) के विकल्प चुनते हैं। इन्हें क्रमशः सकारात्मक, नकारात्मक और तटस्थ मत माना जाता है। अक्टूबर महीने के लिए सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष रहीं ग्रीस की स्थायी प्रतिनिधि अग्लाया बाल्टा ने मतदान प्रक्रिया की निगरानी की। उन्होंने औपचारिक रूप से परिणाम घोषित नहीं किए। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी खबरें प्रकाशित करने वाले मीडिया संस्थानों पासब्लू और 1फॉर8बिलियन ने इन परिणामों का खुलासा किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का दूसरा पांच वर्षीय कार्यकाल इस साल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। ऐसे में नए महासचिव के चयन के लिए समय तेजी से निकल रहा है। बाल्टा ने भरोसा जताया कि सुरक्षा परिषद समय रहते महासभा को अपनी सिफारिश भेज देगी, ताकि नए महासचिव को पदभार संभालने की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद की योजना महासभा में नियुक्ति की प्रक्रिया समय पर पूरी कराने के लिए अपनी सिफारिश उचित समय पर भेजने की है। अगले महीने लातविया सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा और महासचिव के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी उसके पास होगी। नए महासचिव के चयन में सुरक्षा परिषद की भूमिका निर्णायक है। किसी उम्मीदवार को कम से कम नौ सदस्यों का समर्थन हासिल करना होगा और पांच स्थायी सदस्यों में से किसी का भी विरोध नहीं होना चाहिए। स्थायी सदस्यों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन शामिल हैं। सुरक्षा परिषद की सिफारिश के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा 193 सदस्य देशों की भागीदारी से महासचिव की नियुक्ति करती है। आमतौर पर महासभा सुरक्षा परिषद की सिफारिश को मंजूरी दे देती है। फिलहाल परिषद के सदस्य बंद कमरे में बातचीत कर रहे हैं, ताकि उम्मीदवारों के बीच मतभेद कम किए जा सकें और किसी एक नाम पर सहमति बनाई जा सके। ग्रिन्सपैन के नकारात्मक वोटों में कमी और ग्रॉसी के समर्थन में बढ़ोतरी को इस बातचीत में कुछ प्रगति के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

शुक्रवार के मतदान के बाद ग्रिन्सपैन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दुनिया ऐसे निर्णायक दौर से गुजर रही है, जिसमें एकजुट और आधुनिक संयुक्त राष्ट्र की जरूरत है। उन्होंने सभी पक्षों की बात सुनने, जरूरी सुधारों को आगे बढ़ाने तथा शांति और सुरक्षा के साझा लक्ष्य को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस बार महासचिव पद के चुनाव को लेकर एक महिला उम्मीदवार के चयन की मांग भी जोर पकड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के 80 साल से अधिक के इतिहास में अब तक नौ पुरुष इस पद पर रह चुके हैं, लेकिन किसी महिला को यह जिम्मेदारी नहीं मिली है।

इजराइल के आम चुनाव की जांच खुफिया एजेंसी मोसाद करेगी

तेल अवीव, एजेंसी। इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद इस हफ्ते हुए चुनाव में विदेशी दखल के आरोपों की जांच करेगी। न्यूज चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक, इस जांच में आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट भी शामिल होगी। आरोप है कि कतर और कुछ दूसरे देशों ने मंगलवार को हुए चुनाव में अरब वोटर्स को पैसे देकर ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने की कोशिश की। इस चुनाव में अरब पार्टियों को कुल 19 सीटें मिली हैं। यह इतिहास में उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पार्टी के नेताओं ने भी अरब पार्टियों पर चुनाव में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। इजराइल के केंद्रीय चुनाव आयोग ने साफ किया है कि जांच का दायरा सीमित है। आयोग के मुताबिक, इस मामले से चुनाव के नतीजों पर कोई असर नहीं पड़ा है और न ही नतीजों पर सवाल उठता है।

यिस्राइल बेतेनु के चीफ बोले- अरब पार्टियों के साथ सरकार में शामिल नहीं होंगे : इजराइल की यिस्राइल बेतेनु पार्टी के चीफ एविगडोर लिबरमैन ने साफ कहा है कि उनकी पार्टी ऐसी किसी सरकार में शामिल नहीं होगी, जिसमें उनके मुताबिक आतंकवाद का समर्थन करने वाले लोग हों। लिबरमैन ने शुक्रवार को फेसबुक पर पोस्ट कर कई अरब और वामपंथी नेताओं की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आतंकियों का समर्थन करने वालों को इसकी कीमत चुकानी चाहिए।

नेतन्याहू के बेटे बोले- ईरान के बाद इजराइल के लिए अरब नागरिक खतरा : इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बेटे यायर नेतन्याहू ने इजराइल के अरब नागरिकों को देश के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बाद इजराइली अरब नागरिक देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। द यरूशलम पोस्ट के मुताबिक, यायर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर चुनाव नतीजों को लेकर यह बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि वेस्ट बैंक और गाजा के फिलिस्तीनियों, तुर्किये और पश्चिमी देशों में बढ़ते यहूदी-विरोध से भी बड़ा खतरा इजराइल के अरब नागरिकों से है। यायर ने लिखा कि इजराइल लंबे समय तक ऐसे हालात में नहीं टिक सकता, जहां उसकी 20% आबादी उसके दुश्मनों का समर्थन करती हो और देश का विनाश चाहती हो।

इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सहयोगी दल यूनाइटेड टोरा जूडिज्म ने विपक्षी नेता गादी आइजनकोट को प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया है। पार्टी को चुनाव में 7 सीटें मिली हैं। चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टी ने समर्थन के बदले हरेदी समुदाय के लोगों को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट देने की मांग की है। इजराइल में आमतौर पर नागरिकों के लिए सेना में सेवा देना अनिवार्य है। हालांकि, हरेदी समुदाय के धार्मिक छात्रों को अब तक इससे बड़े स्तर पर छूट मिलती रही है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने काजा कैलास से यूक्रेन और खाड़ी संघर्ष पर चर्चा की

अटलांटा, एजेंसी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अटलांटा में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान, विदेश मामलों और सुरक्षा नीति के लिए ईयू की उच्च प्रतिनिधि काजा कैलास से मुलाकात की और वैश्विक संघर्षों पर चर्चा की। विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'ईयू एचआरवीपी काजा कैलास के साथ यूक्रेन संघर्ष और खाड़ी की स्थिति पर चर्चा की।' विदेश मंत्री ने आखिरी बार यूरोपीय संघ के नेता के साथ 25 अक्टूबर को राजनयिक पदों पर समन्वय के लिए फोन पर बात की थी, जिसमें खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष सहित वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई थी।

इस बीच, काजा कैलास ने जी20 बैठक के पहले पूर्ण सत्र में अपनी टिप्पणी के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व संघर्ष के कारण उत्पन्न संकट पर भी प्रकाश डाला। कैलास ने एक्स पोस्ट में कहा, 'यूक्रेन पर रूस का हमला और मध्य पूर्व संकट ऊर्जा और खाद्य आपूर्ति, व्यापार और नेविगेशन की स्वतंत्रता के लिए बड़ा खतरा है। समुद्री मार्ग वैश्विक जीवन रेखाएं हैं।' उन्होंने कहा, 'अटलांटा में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में, मैंने काला सागर में नेविगेशन स्वतंत्रता की व्यवस्था का आह्वान किया और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गों पर टोल और शुल्क के लिए यूरोपीय संघ के विरोध की पुष्टि की।' ईयू एचआरवीपी ने कहा, 'ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। ' इससे पहले, सत्र में अपनी टिप्पणी के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर ने वैश्विक चुनौतियों के समय कूटनीति के महत्व पर भारत के रुख को भी दोहराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सैन्य समाधान वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं करेंगे और कूटनीति को एक मौका दिया जाना चाहिए, साथ ही उन्होंने फिक्र जाहिर करते हुए कहा कि ग्लोबल साउथ शिपिंग पर हमलों के लिए असंगत कीमत चुका रहा है।

साख बचानी है तो छोड़े दोहरा रवैया': भारत की यूएनएचआरसी को खरी खरी

वाशिंगटन डीसी, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में मानवाधिकार परिषद की रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान भारत का पक्ष रखा। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसकी साख तभी बनी रह सकती है, जब वह सभी देशों के साथ एक जैसा व्यवहार करे। किसी देश को शामिल किए बिना उसके खिलाफ विशेष आदेश जारी करने से जमीनी स्तर पर कोई खास बदलाव नहीं आता। इससे परिषद के भीतर मतभेद जरूर बढ़ते हैं। मानवाधिकारों की रक्षा के नाम पर किसी देश को निशाना बनाना या दोहरे मापदंड अपनाना सही तरीका नहीं है।

बातचीत और सहयोग से आगे बढ़ेंगे मानवाधिकार : भाविका मंगलानंदन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के फरवरी में दिए गए बयान का भी जिक्र किया। जयशंकर ने मानवाधिकार परिषद के 61वें उच्चस्तरीय सत्र में कहा



था कि मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका आपसी बातचीत, क्षमता बढ़ाने में मदद और सच्ची साझेदारी है। इसके बजाय राजनीतिक फायदे के लिए मानवाधिकारों का इस्तेमाल करना और चुनिंदा देशों पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। भारत का मानना है कि अगर परिषद को एकजुट होकर काम करना है, तो उसे उन आरोपों से बचना होगा, जिनमें कहा जाता है कि मानवाधिकारों का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है।

सभी देशों के लिए एक जैसा नियम हो : भारत ने यूनिवर्सल पीरियोडिक रिव्यू को मानवाधिकारों पर चर्चा का बेहतर मंच बताया। इस व्यवस्था में संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के मानवाधिकार रिकॉर्ड की समीक्षा होती है। इसकी खासियत यह है कि इसमें हर देश को बराबर माना जाता है और बातचीत के जरिए सुधार पर जोर दिया जाता है। भारत इस साल 2026-28 के कार्यकाल के लिए सातवीं बार मानवाधिकार परिषद का सदस्य बना है। आतंकवाद को बताया मानवाधिकारों के लिए बड़ा खतरा भारत ने आतंकवाद को मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक बताया। खासतौर पर जीवन के अधिकार पर इसके खतरे को रेखांकित करते हुए परिषद से अपील की गई कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए और इस मुद्दे पर लगातार ध्यान दे। विकास के अधिकार को भी मिले बराबर महत्व भारत ने कहा कि मानवाधिकारों को अलग-अलग नजरिए से देखने के बजाय सभी अधिकारों को समान महत्व दिया जाना चाहिए। नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की तरह आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों के साथ विकास के अधिकार को भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए। भारत ने बताया कि विकासशील देशों में गरीबी, बढ़ता कर्ज और आर्थिक संसाधनों व नई तकनीक तक सीमित पहुंच लोगों के अधिकारों के रास्ते में बड़ी रुकावट हैं। इन समस्याओं का समाधान दबाव बनाकर नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग से ही निकाला जा सकता है। भारत ने यह भी कहा कि मानवाधिकार परिषद को अपने उपलब्ध संसाधनों के हिसाब से ही काम करना चाहिए। परिषद में सुधार की प्रक्रिया सदस्य देशों की अगुवाई में और पूरी पारदर्शिता के साथ होनी चाहिए। इस दौरान विकास और आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक अधिकारों से जुड़े काम प्रभावित नहीं होने चाहिए। भारत ने मानवाधिकारों से जुड़े कामों के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट से पर्याप्त धन देने की मांग भी की।

हूती विद्रोहियों ने यमन के राष्ट्रपति भवन पर मिसाइलें दागीं

सना, एजेंसी। यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को अदन में राष्ट्रपति भवन पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, यह साफ नहीं है कि मिसाइलें अपने निशाने पर लगीं या नहीं। न्यूज एजेंसी स्नक के मुताबिक, राष्ट्रपति भवन की ओर एंबुलेंस जाते हुए देखी गईं। यमन सरकार के सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि हूती विद्रोहियों ने अदन एयरपोर्ट पर भी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। हालांकि, उन्होंने हमले में किसी के मारे जाने या घायल होने की जानकारी नहीं दी। राष्ट्रपति भवन पर 15 दिन में यह दूसरा हमला है। इससे पहले 15 अक्टूबर को हुए हमले में 4 लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा, हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के मदीना इलाके की ओर भी ड्रोन भेजा था। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने इसे हवा में ही मार गिराया।



अदन यमनी सरकार का हेडक्वार्टर : अदन यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार का प्रमुख केंद्र है। हूती विद्रोहियों ने 2014 में राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद सरकार को सना छोड़ना पड़ा था। जुलाई से अदन में हमले फिर बढ़े हैं। इससे पहले 28 अक्टूबर को भी हूती विद्रोहियों ने अदन एयरपोर्ट को निशाना बनाया था। हमले से पहले हूतियों ने लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी। यह एयरपोर्ट दक्षिणी यमन में राहत सामग्री और मानवीय मदद पहुंचाने का अहम रास्ता है।

सऊदी का मक्का और मदीना में ड्रोन रोकने का दावा : सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने शुक्रवार को मदीना के ऊपर एक ड्रोन मार गिराने का दावा किया। इससे पहले गठबंधन मक्का में भी एक ड्रोन को नष्ट करने का दावा कर चुका है। मक्का में ग्रैंड मस्जिद और काबा हैं, जबकि मदीना में पैगंबर मोहम्मद की मस्जिद है। दोनों शहर मुसलमानों के सबसे पवित्र धार्मिक स्थलों में शामिल हैं। सऊदी अरब ने अक्टूबर में हूती विद्रोहियों पर मदीना के बिजली वितरण केंद्र पर हमला करने का आरोप लगाया था। यह केंद्र पैगंबर मोहम्मद की मस्जिद को बिजली की आपूर्ति करता है। हालांकि, हूतियों ने इस आरोप को खारिज कर दिया था। हूती मक्का और मदीना को निशाना बनाने से इनकार करते हैं। उनका कहना है कि वे सऊदी अरब के सैन्य और तेल से जुड़े ठिकानों पर हमले करते हैं। सऊदी अरब यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थन करता है।

यूक्रेन को बड़ी राहत: 500 पैट्रियट मिसाइलें देगा अमेरिका, जेलेंस्की बोले- सर्दियों से पहले मिलें हथियार

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस की बैलिस्टिक मिसाइलों से बचाव के लिए अमेरिका की ओर से 500 पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दिए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने इसे 'मजबूत फैसला' बताया, लेकिन अमेरिका से इन मिसाइलों की आपूर्ति जल्द शुरू करने की अपील की है। जेलेंस्की का कहना है कि यूक्रेन को सर्दियों में ऊर्जा ठिकानों की सुरक्षा के लिए तुरंत इन मिसाइलों की जरूरत है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 500 पीएसी-3 इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार काफी बड़ा है। सर्दियों के दौरान यह यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को मजबूत कर सकता है। हालांकि, उन्होंने चिंता जताई कि मौजूदा शर्तों के मुताबिक इन मिसाइलों की आपूर्ति कुछ वर्षों बाद ही शुरू हो सकती है।

रूस के हमलों पर क्या बोले जेलेंस्की : उन्होंने कहा, 'हम अपने अमेरिकी साझेदारों से ऐसा समाधान तलाशने की अपील कर रहे हैं, जिससे पीएसी-3 इंटरसेप्टर की आपूर्ति उस समय हो सके, जब वास्तविक खतरा हो और उनकी जरूरत हो।' उन्होंने बताया कि रूसी सेना रोजाना यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे को निशाना बना रही है। जेलेंस्की के मुताबिक, अक्तूबर के पिछले दो हफ्तों में रूस ने यूक्रेन के बिजली ग्रिड के महत्वपूर्ण हिस्सों पर 30 से ज्यादा हमले किए। उन्होंने चेतावनी दी कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने सर्दियों से पहले लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी



व्यवस्थाओं को ठप करने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। इन हमलों का निशाना बिजली, हीटिंग, पानी की आपूर्ति और पुल हैं।

हर महीने मिलें 100 पैट्रियट मिसाइलें : यूक्रेनी राष्ट्रपति : यूक्रेन ने सर्दियों के लिए हर महीने औसतन 100 पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों की मांग की है। जेलेंस्की ने कहा कि 500 मिसाइलें आने वाले महीनों में हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए अहम होंगी। इस दौरान यूक्रेन के लिए बातचीत में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखना भी जरूरी है। तत्काल जरूरत पूरी करने के लिए जेलेंस्की ने अमेरिका, यूरोपीय साझेदारों और अन्य सहयोगी देशों से अपने मौजूदा भंडार से मिसाइलें देने का प्रस्ताव रखा है। उनका सुझाव है कि 2026-27 की सर्दियों में यूक्रेन को इन भंडारों से मिसाइलें दी जाएं और बाद में नए उत्पादन के जरिए सहयोगी देशों के हथियार भंडार की भरपाई की जाए। उन्होंने कहा, 'हम इस मंजूरी के लिए अमेरिकी विदेश विभाग और पूरे अमेरिकी प्रशासन के आभारी हैं। लेकिन हम ऐसे फैसले चाहते हैं, जो लोगों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

कनाडा बनेगा यूरोपीय संघ का पहला 'एसोसिएट सदस्य'

मॉन्ट्रियल/वाशिंगटन, एजेंसी। कनाडा और यूरोपीय संघ (ईयू) ने अपने संबंधों को नया आयाम देते हुए नई दिशा में बड़ा कदम उठाया है। दोनों पक्ष कनाडा को यूरोपीय संघ का पहला 'एसोसिएट सदस्य' बनाने की दिशा में काम करेंगे। यह व्यवस्था पूर्ण सदस्यता से एक कदम पीछे होगी, लेकिन इसके तहत कनाडा को यूरोपीय संघ के साथ व्यापक आर्थिक, व्यापारिक, तकनीकी और रक्षा सहयोग का अवसर मिलेगा। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका ऐलान करते हुए कहा कि कनाडा और यूरोपीय संघ पूर्ण सदस्यता से इतर सबसे गहरी साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसके तहत कनाडा यूरोपीय संघ का पहला एसोसिएट सदस्य बन सकता है।

कार्नी ने कहा, 'मॉन्ट्रियल में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने 20 से अधिक नए उपायों पर सहमति बनाई है। इनका उद्देश्य अटलांटिक के दोनों ओर आर्थिक अवसरों को बढ़ाना, लोगों के लिए चीजों को अधिक किफायती बनाना और अपनी संप्रभुता को मजबूत करना है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने भी इस समझौते को ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'यूरोपीय संघ-कनाडा शिखर सम्मेलन में दोनों पक्षों ने पूर्ण सदस्यता के अलावा हर



संभव क्षेत्र में नजदीकी सहयोग के लिए सहमति बनाई है।

कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, आने वाले महीनों में दोनों पक्ष इस नई सदस्यता व्यवस्था के स्वरूप, दायरे और विषयों को अंतिम रूप देंगे। 21वां कनाडा-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन 29 और 30 अक्टूबर को मॉन्ट्रियल में आयोजित हुआ। इसमें प्रधानमंत्री कार्नी के साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन शामिल हुईं। सम्मेलन के बाद दोनों पक्षों ने संयुक्त बयान भी जारी किया। इस दौरान व्यापार और तकनीक के क्षेत्र में कई अहम समझौते हुए। कनाडा और यूरोपीय संघ ने डिजिटल व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया और प्रतिस्पर्धा से जुड़े समझौते पर बातचीत पूरी की। इसके अलावा कनाडा यूरोपीय हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग ज्वाइंट अंडरटेकिंग में शामिल हुआ है। इससे कनाडा के शोधकर्ताओं को यूरोप के अत्याधुनिक जुपिटर सुपरकंप्यूटर तक पहुंच मिलेगी। महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। कनाडा ने एक ऐसी संधि रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत यूरोपीय निवेश बैंक कनाडा की महत्वपूर्ण खनिज परियोजनाओं में निवेश कर सकेगा। दोनों पक्ष यूरोप को कनाडा से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के निर्यात को बढ़ाने की संभावनाओं पर भी अध्ययन करेंगे। इसके साथ ही एक नई ट्रांसअटलांटिक डेटा केबल बिछाने पर भी विचार किया जाएगा। शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में कनाडा की भागीदारी बढ़ाने की योजना है। कनाडा यूरोपीय संघ के इरास्मस प्लस कार्यक्रम में व्यापक भागीदारी और अगले होराइजन यूरोप अनुसंधान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बातचीत करेगा। रक्षा सहयोग के मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण घोषणा की गई। कनाडा ने यूरोपीय संघ की 'सिक्योरिटी एक्शन फॉर यूरोप' (सेफ) पहल के तहत अपना दूसरा अनुबंध हासिल किया है।

भारत vs न्यूज़ीलैंड



कोहली के खिलाफ खेलना शानदार होगा: जैकब डफी

हैमिल्टन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने भारतीय दिग्गज विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। 4 नवंबर से शुरू होने वाली न्यूजीलैंड और भारत के बीच आगामी वनडे सीरीज में डफी अपने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथी खिलाड़ी कोहली का सामना करने के लिए तैयार हैं। डफी ने आईपीएल 2026 के दौरान कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था और नेट्स में उन्हें गेंदबाजी भी की है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने इस बात पर हैरानी जताई कि भारत में एक सुपरस्टार होने और लगभग 'ईश्वर जैसी हैसियत' रखने के बावजूद कोहली कितने जमीन से जुड़े इंसान हैं।

रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान डफी ने कहा, 'कल मेरी उनसे (कोहली) मुलाकात हुई। वह जिम में थे, वहां उनसे मिलना काफी अच्छा रहा, और उनका व्यवहार मेरे प्रति बहुत शानदार था। भारत में उन्हें लगभग एक 'ईश्वर' का दर्जा प्राप्त है - वह वहां एक मेगास्टार हैं - फिर भी उनका इतना जमीन से जुड़ा होना और आरसीबी में हम जैसे विदेशी खिलाड़ियों का स्वागत करना, वाकई बहुत अच्छी बात है। इसके लिए मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। अब जब मैंने उनके साथ ड्रेसिंग रूम भी साझा किया है, तो उनके खिलाफ खेलना वाकई शानदार होगा।'

उन्होंने बताया कि जब वह आरसीबी में कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर रहे थे, तब उन्होंने भारतीय मैदानों पर अपनाई जाने वाली रणनीतियों के बारे में कोहली से काफी चर्चा की थी। डफी ने कहा, 'उनका काम के प्रति नजरिया बहुत शानदार है। नेट्स में मैंने उन्हें काफी गेंदबाजी की, क्योंकि वह हमेशा पहले बल्लेबाज होते थे और मैं हमेशा पहला गेंदबाज। हमने नेट्स में एक-दूसरे के सामने काफी समय बिताया है, जो कि बहुत अच्छी बात है। इसके साथ ही, उन्होंने मुझे काफी करीब से देखा है, इसलिए उनकी तैयारी भी अच्छी होगी।'

पाकिस्तान ने जीती त्रिकोणीय सीरीज... श्रीलंका के खिलाफ फाइनल मैच में चेज किए 326 रन



लाहौर। पाकिस्तान ने लाहौर में खेले गए त्रिकोणीय वनडे सीरीज के फाइनल में श्रीलंका को तीन विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान ने 326 रन के मुश्किल लक्ष्य को 48.3 ओवर में सात विकेट खोकर हासिल किया। इसके साथ ही टीम ने वनडे फाइनल में सबसे बड़े लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इससे पहले भारत ने 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ नेटवेस्ट ट्रॉफी के फाइनल में 326 रन का लक्ष्य हासिल किया था। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने आठ विकेट पर 325 रन बनाए। उसके लिए कामिंदु मेंडिस ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 128 गेंदों में 131 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और दो छक्के शामिल थे।

हार्दिक पांड्या का बड़ा दिल... बेसबॉल चैलेंज में जीते लाखों रुपये, जरूरतमंदों को दे दिए दान



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इन दिनों क्रिकेट के मैदान से दूर हैं, लेकिन लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बार हार्दिक अपने क्रिकेट बैट नहीं, बल्कि बेसबॉल बैट से कमाल दिखाने को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने मशहूर कंटेंट क्रिएटर मिस्टर बीस्ट के साथ बेसबॉल चैलेंज में हिस्सा लिया और करीब 94.9 लाख रुपये की इनामी राशि अपने नाम की। खास बात यह है कि हार्दिक ने जीती हुई पूरी रकम चैरिटी के लिए दान कर दी। दरअसल, मिस्टर बीस्ट ने अपने एक वीडियो के लिए अलग-अलग क्षेत्रों की मशहूर हस्तियों को शामिल किया था। इसमें क्रिकेट जगत से हार्दिक पांड्या को मौका दिया गया। इस चैलेंज में प्रतिभागियों को बेसबॉल बैट से गेंद को मैदान के बाहर पहुंचाना था। मुकाबले में ज्यादा होम रन लगाने वाले खिलाड़ी को विजेता बनना था।

हायलो ओपन

सिंधू और लक्ष्य सेन फाइनल में पहुंचे

लगातार दूसरे सप्ताह खिताब जीतने का मौका



नई दिल्ली। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने हायलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया। जर्मनी के सारब्रूकेन में शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने सीधे गेम में जीत दर्ज की। इसके साथ ही भारत के पास महिला और पुरुष एकल दोनों वर्गों में खिताब जीतने का मौका है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने हमवतन अनमोल खरब को 21-13, 21-16 से हराया। वहीं, लक्ष्य सेन ने फ्रांस के विश्व नंबर-13 टोमा जूनियर पोपोव को 21-17, 21-13 से शिकस्त दी।

दूसरे सप्ताह फाइनल में पहुंचीं सिंधू

पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहीं सिंधू ने अपनी शानदार लय जारी रखी। उन्होंने महिला एकल के सेमीफाइनल में 19 वर्षीय अनमोल खरब को कोई मौका नहीं दिया। पहले गेम में अनमोल ने शुरुआती बढ़त जरूर बनाई, लेकिन सिंधू ने अपने अनुभव और आक्रामक खेल के दम पर वापसी की। उन्होंने पहला गेम 21-13 से जीता।दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआत में कड़ी टक्कर देखने को मिली। एक समय अनमोल 15-13 से आगे थीं, लेकिन सिंधू ने लगातार अंक हासिल करते हुए स्कोर 15-15 कर दिया। इसके बाद उन्होंने अपनी बढ़त बनाई और 21-16 से गेम जीतकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। जीत के बाद सिंधू ने कहा, 'मैं काफी लंबे समय बाद उनके खिलाफ खेल रही थी। यह देखकर अच्छा लगा कि सेमीफाइनल में दो भारतीय खिलाड़ी पहुंची थीं। हालांकि, मेरे लिए प्रतिद्वंद्वी कौन है या उसकी रैंकिंग क्या है, इससे फर्क नहीं पड़ता। मैं सिर्फ अपना खेल खेल रही थी और अपना शत-प्रतिशत दे रही थी। मुझे खुशी है कि मैंने फाइनल में जगह बनाई।' फाइनल में सिंधू का सामना डेनमार्क की आठवीं वरीयता प्राप्त लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट से होगा।

लक्ष्य सेन ने पोपोव को दी शिकस्त

पुरुष एकल के सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 21-17, 21-13 से हराया। इस साल ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के बाद से लक्ष्य खराब दौर से गुजर रहे थे। चोट और फिटनेस संबंधी परेशानियों के कारण भी उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ था। हालांकि, जर्मनी में उन्होंने शानदार वापसी की। पहले गेम में पोपोव ने लक्ष्य को चुनौती दी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपनी रक्षात्मक क्षमता और सटीक स्मैश के दम पर 21-17 से गेम जीत लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। उन्होंने ब्रेक तक चार अंकों की बढ़त बना ली और बाद में इसे सात अंकों तक पहुंचा दिया। अंत में शानदार स्मैश के साथ उन्होंने मुकाबला अपने नाम कर लिया।

लड़ने का जज्बा नहीं दिखा...हार बर्दाश्त नहीं कर पाए वॉर्नर

केपटाउन / नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-1 से मिली हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आलोचनाओं के घेरे में है। टीम के निराशाजनक प्रदर्शन से नाराज पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने खिलाड़ियों पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने केपटाउन टेस्ट में मिली हार को शर्मनाक बताते हुए कहा कि टीम में संघर्ष करने का जज्बा नजर नहीं आया। वॉर्नर ने इस प्रदर्शन को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के मूल्यों के भी खिलाफ बताया।

केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेले गए सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 288 रनों का लक्ष्य मिला था। हालांकि, पांचवें दिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले ही ओवर में दो विकेट गंवाने के बाद टीम दबाव से उबर नहीं सकी। महज 18 ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 42 रन पर छह विकेट हो गया। इसके बाद पूरी टीम 111 रनों पर सिमट गई। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।वॉर्नर ने 'फॉक्स स्पोर्ट्स' से बातचीत में टीम के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए कहा, 'मैं बहुत निराश हूं। यह बहुत बुरा है। यह ऑस्ट्रेलियाई मूल्यों के खिलाफ है। टीम में लड़ने का कोई जज्बा ही नहीं दिखा। यह शर्मनाक है। 288 रन का लक्ष्य था। आप टेस्ट मैच जीत सकते थे और सीरीज भी अपने नाम कर सकते थे। सब कुछ दांव पर लगा था। क्या वह इसी तरह खेलते हैं?' उन्होंने आगे कहा कि पूरी सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने गेंदबाजों को निराश किया। पहले टेस्ट में मैट रेनशॉ को




छोड़कर बाकी बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। वॉर्नर ने कहा कि बल्लेबाजों को कगिसो रबाडा जैसे तेज गेंदबाज की चुनौती का अंदाजा होना चाहिए था, लेकिन वे उसका सामना करने में नाकाम रहे।

तीनों टेस्ट में देखने को मिली शानदार वापसी

इस टेस्ट सीरीज की खास बात यह रही कि तीनों मुकाबलों में मुश्किल परिस्थितियों में पिछड़ने वाली टीम ने शानदार वापसी की। डरबन में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने एक समय 124 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, इसके बाद टीम ने वापसी करते हुए पहली पारी में 390 रन बनाए। इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने मुकाबला 214 रनों से जीत लिया।दूसरे टेस्ट में गेबेरहा में दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में 110 रन पर छह विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। इसके बावजूद मेजबान टीम ने 425 रन पर नौ विकेट के स्कोर पर पारी घोषित कर दी और ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 31 रनों से शिकस्त दी।

साइफर्ट का 'तूफान' नहीं झेल पाई टीम इंडिया पांचवां टी-20 गंवाया... मगर सीरीज जीती



हैमिल्टन, एजेंसी। न्यूजीलैंड ने रविवार को भारत के खिलाफ पांचवां टी20 मैच सात विकेट से अपने नाम किया। भारत ने हैमिल्टन में 192 का टारगेट दिया, जिसे न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर चेज किया। न्यूजीलैंड ने भले ही हैमिल्टन में जीत दर्ज की लेकिन भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज पर 3-2 से कब्जा जमाया। टीम इंडिया पांचवें टी20 में टिम साइफर्ट का 'तूफान' नहीं झेल पाई। उन्होंने 50 गेंदों में 93 रनों की आतिशी पारी खेली, जिसमें 11 चौके और पांच सिक्स हैं। ग्लेन फिलिप्स ने 38 गेंदों में नाबाद 65 रनों की पारी खेली। उनके बल्ले से आठ चौके और तीन छक्के निकले। बेवोन जैक्बस एक रन बनाकर नाबाद रहे।

साइफर्ट ने दो दमदार साझेदारियां की

लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने खराब आगाज किया। पेसर अर्शदीप सिंह ने दूसरे ओवर में फिन एलन (2) को पवेलियन भेजा। डेरिल मिचेल और टिम सीफर्ट ने दूसरे विकेट के लिए 73 रनों की पार्टनरशिप की। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने नौवें ओवर में मिचेल को आउट कर भारत को राहत दिलाई। मिचेल ने 16 गेंदों में 29 रन बटोरे, जिसमें चार सिक्स हैं। सीफर्ट ने तीसरे विकेट के लिए ग्लेन फिलिप्स के संग 86 रनों की साझेदारी की। लग रहा था कि सीफर्ट आसानी से पहला टी20 शतक कंप्लीट कर लेंगे लेकिन नीतीश कुमार रेड्डी ने 16लें ओवर में उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद, फिलिप्स ने न्यूजीलैंड को जीत की दहलीज पार कराई।

ईशान और अय्यर ने ठोकी फिफ्टी

इससे पहले, भारत ने टॉस गंवाने के बाद निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 191 रन जुटाए। न्यूजीलैंड के लिए एडम मिल्ने ने चार, नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर ने दो-दो विकेट लिए। भारत की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (2 गेंदों में 1) और संजू सैमसन (10 गेंदों में 4) फ्लॉप रहे। एडम मिल्ने ने दूसरे ओवर में अभिषेक और चौथे ओवर में सैमसन को आउट किया। इसके बाद, ईशान किशन और कप्तान श्रेयस अय्यर ने गदर काटते हुए अर्धशतक जमाया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 93 रनों की पार्टनरशिप की। ईशान ने 32 गेंदों में 61 रन जुटाए, जिसमें पांच चौके और पांच छक्के हैं। उन्हें ब्लेयर टिकनर ने 11वें और नाथन स्मिथ ने अय्यर को 12वें ओवर में आउट किया। अय्यर ने 23 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की बदौलत 50 रन बटोरे।

भारत ने 133 रन तक गंवाए पांच विकेट

भारत की आधी टीम 133 रनों तक पवेलियन लौट गई। उपकप्तान तिलक वर्मा (8 गेंदों में 6) का बल्ला नहीं चला। उन्हें स्मिथ ने 14वें ओवर में कॉट एंड बोल्ड किया। टिकनर ने 19वें ओवर में नमन धीर (23 गेंदों में 33, चार चौके, एक छक्का) को अपने जाल में फंसाया। उन्होंने और नीतीश कुमार रेड्डी ने छठे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। नीतीश ने 17 गेंदों में 22 रन बटोरे। जिसमें दो चौके और एक सिक्स है। मिल्ने ने वह 20वें ओवर नीतीश के अलावा भुवनेश्वर (6) को अपने जाल में फंसाया। भारत ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना रखी है और अब मेहमान टीम जीत के साथ इस सीरीज का अंत करने की फिराक में है।

ईशान-श्रेयस की तूफानी पारियां, फिर लड़खड़ाई भारतीय बल्लेबाजी



पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन एक-एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद ईशान किशन और कप्तान श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। ईशान किशन ने 32 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के की मदद से 61 रन बनाए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने सिर्फ 23 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए 50 रन की पारी खेली। श्रेयस ने अपना अर्धशतक पूरा किया और ईशान के साथ मिलकर भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

एक समय भारत का स्कोर दो विकेट पर 112 रन था और टीम के 200 के पार पहुंचने की उम्मीद थी। लेकिन ईशान के आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी बिखर गई। भारत ने 112 से 133 रन के बीच तीन और विकेट गंवा दिए। नमन धीर ने 23 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाए। नीतीश रेड्डी ने 17 गेंदों में 22 रन का योगदान दिया। वहीं, तिलक वर्मा छह और भुवनेश्वर कुमार भी छह रन बनाकर आउट हुए। इस तरह भारतीय टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड की ओर से एडम मिल्ने सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार विकेट झटके। नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर को दो-दो विकेट मिले।

भारत ने एक कैलेंडर वर्ष में न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाए सबसे ज्यादा छक्के

इस सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों ने छक्कों की जमकर बरसात की। भारत ने साल 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कुल 142 छक्के लगाए। यह किसी टीम की ओर से एक कैलेंडर वर्ष में किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ लगाए गए सर्वाधिक छक्के हैं। इस रिकॉर्ड सूची में भारत शीर्ष पर पहुंच गया है। वहीं, न्यूजीलैंड ने भी इसी साल भारत के खिलाफ 117 छक्के लगाए हैं। खास बात यह है कि साल 2026 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में कुल 259 छक्के लगे। यानी हर मुकाबले में औसतन 23.5 छक्के लगाए गए। यह आंकड़ा दोनों टीमों की आक्रामक बल्लेबाजी का अंदाजा देता है।

हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस

तीन हार के बाद जीती टीम इंडिया, बांग्लादेश को हराया, शशांक ने बनाए तूफानी 50 रन



मोंग कोक, एजेंसी। हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस में लगातार तीन हार झेलने के बाद भारतीय टीम को आखिरकार पहली जीत मिल गई है। मिशन रोड ग्राउंड में रविवार को खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को आखिरी गेंद पर पांच विकेट से हराया। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम ने छह ओवर में पांच विकेट पर 116 रन बनाए थे। 117 रन का लक्ष्य भारतीय टीम ने पारी की आखिरी गेंद पर हासिल किया।

क्रुणाल ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए

बांग्लादेश की ओर से कप्तान अबू हिदर रोनी ने मात्र 18 गेंदों पर आठ छक्कों और तीन चौकों की मदद से नाबाद 62 रन की पारी खेली। इसके अलावा हबीबुर रहमान सोहन ने छह गेंद पर 18, सब्बीर रहमान ने चार गेंद पर 13 और चौधरी मोहम्मद रिजवान ने पांच गेंदों पर 12 रन बनाए। भारत की तरफ से कप्तान क्रुणाल पांड्या सफल गेंदबाज रहे। क्रुणाल ने दो ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिए। राहुल त्रिपाठी को एक विकेट मिला।

117 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को आखिरी गेंद जीत मिली। शशांक सिंह ने 15 गेंदों पर सात छक्कों और एक चौके की मदद से 50 रन की पारी खेली। वह रिटायर्ड हर्ट हुए। राहुल त्रिपाठी ने 12 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 32, नीतीश राणा ने चार गेंदों पर नाबाद 10 और राहुल तेवतिया ने पांच गेंदों पर नाबाद 16 रन बनाए। भारत ने पांच विकेट से यह मुकाबला जीता। क्रुणाल पांड्या प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

ग्रुप सी में मौजूद भारतीय टीम को अपने पहले मैच में पाकिस्तान से चार विकेट से, दूसरे मैच में यूएई से छह विकेट से और तीसरे मैच में इंग्लैंड से तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट में 12 टीमों ने हिस्सा लिया था। बांग्लादेश पर जीत के बाद भारतीय टीम 11वें स्थान पर रही।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com